Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 295 | सोमवार , 27 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### जब देश का हर नागरिक स्वस्थ होगा तभी भारत बनेगा सशक्त: रक्षा मंत्री

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया 1200 बेड वाले यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रविवार का दिन गाजियाबाद के लिए ऐतिहासिक बन गया, जब भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी का भव्य उद्घाटन किया। आठ एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली यह 1200 बेड की अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशलिटी मेडिसिटी उत्तर भारत की सबसे एडवांस्ड और सस्टेनेबल हेल्थकेयर सुविधा के रूप में उभरी है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री व चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पी.एन. अरोड़ा और डॉ. उपासना पांडेय सहित कई राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय मंत्री, जनप्रतिनिधि और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन से देश को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं इस अवसर पर आप सभी को बधाई देती हूं। आशा है कि यहां कार्यरत सभी लोग निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे, जिससे हर नागरिक को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि जान है तो जहान है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की अहम भूमिका है। यशोदा मेडिसिटी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो करुणामय और उन्नत चिकित्सा सेवाओं का प्रतीक बनेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि यह संस्थान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बनेगा बल्कि समाज में संवेदना, सेवा और समर्पण की भावना को भी मजबूत करेगा।




कार्यक्रम के दौरान यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत शॉल, शंख और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। मंच से स्वागत संबोधन में उन्होंने कहा कि यह संस्थान उनकी मां की प्रेरणा से जन्मा है और यहां हर मरीज को परिवार जैसा स्नेह और देखभाल मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ व समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने अस्पताल का भ्रमण कर अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और सुविधाओं का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। उन्होंने कहा, कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 42 नए मेडिकल कॉलेज बने हैं, दो एम्स गोरखपुर और रायबरेली में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। सुपर स्पेशलिटी के कई संस्थान स्थापित हुए हैं, जिनसे 25 करोड़ नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर माध्यम अनुधर्म साधनम- अर्थात धर्म, कर्म और जीवन का उद्देश्य तभी पूरा होता है जब शरीर स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी डॉ. पी.एन. अरोड़ा द्वारा अपनी माता 'यशोदा जी' की स्मृति में समर्पित एक अद्भुत प्रयास है, जो एनसीआर और उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का नया केंद्र बनेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब प्रदेशवासियों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं के लिए दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने डॉ. अरोड़ा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका व्यवहार और सेवा भाव उन्हें एक सच्चा जनसेवक बनाता है।




यशोदा मेडिसिटी में 1200 बेड, 65 से अधिक स्पेशलिटीज, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर, इमर्जेंसी और कार्डियक यूनिट, ऑन्कोलॉजी, न्यूरो, गैस्ट्रो, ऑर्थो, नेफ्रोलॉजी और ट्रांसप्लांट यूनिट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह अस्पताल सस्टेनेबल इन्फ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ आधुनिक चिकित्सा का उत्कृष्ट संयोजन प्रस्तुत करता है। गाजियाबाद और पूरे एनसीआर के लिए यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन एक नए युग की शुरूआत के समान है। यह न केवल आधुनिक चिकित्सा का प्रतीक बनेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने अपनी मां की कैंसर से मृत्यु के बाद उनके नाम से 'यशोदा' ब्रांड की स्वास्थ्य सेवा की शुरूआत की और आज उनकी स्मृति में इस विशाल यशोदा मेडिसिटी का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि उनकी यही भावना है कि किसी व्यक्ति की मृत्यु केवल बीमारी के कारण न हो यह मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में करोड़ों लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला है। जब हर नागरिक स्वस्थ रहेगा तभी हमारा देश सशक्त और शक्तिशाली बनेगा। राजनाथ सिंह ने डॉ. अरोड़ा और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि यशोदा मेडिसिटी आधुनिक चिकित्सा, मानवीय संवेदना और राष्ट्रीय विकास की एक नई मिसाल है।

## भारत-यूरोपीय संघ के बीच बैठक आज से





नई दिल्ली।

इस हफ्ते ईयू प्रतिनिधिमंडल के भी नई दिल्ली आने की उम्मीद है ताकि व्यापार वाताओं को आगे बढ़ाया जा सके। हालांकि, अभी भी दोनों पक्षों के बीच इस्पात, ऑटोमोबाइल और गैर-शुल्कीय अवरोधों जैसे क्षेत्रों में मतभेद बने हुए हैं। गोयल की यह यात्रा हाल ही में हुई छह से 10 अक्तूबर की 14वें दौर की वार्ता के बाद हो रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 27 से 28 अक्तूबर तक ब्रसेल्स में रहेंगे। यहां वह भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए उच्च-स्तरीय बैठकें करेंगे। यह जानकारी रविवार को भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने दी। इस समझौते के लिए बातचीत की अंतिम समय सीमा नजदीक आ रही है और गोयल का यह दौरा समझौते में राजनीतिक ऊर्जा और रफ्तार लाने की कोशिश है। मंत्रालय के मुताबिक, गोयल अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार आयुक्त मारोस सेफ्कोविक से मुलाकात करेंगे और उनकी यह मुलाकात समझौता वार्ता के अंतिम चरण की दिशा और रणनीति तय करने में अहम होगी। ईयू चाहता है कि भारत ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरण, शराब, वाइन, मांस और पोल्ट्री पर शुल्क में बड़ी कटौती करे और एक मजबूत बौद्धिक संपदा व्यवस्था बनाए। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो भारत के तैयार कपड़े, दवाइयां, इस्पात, पेट्रोलियम उत्पाद और इलेक्ट्रिकल मशीनरी जैसे निर्यात उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में और प्रतिस्पर्धी बन जाएंगे। ब्यूरो गोयल इस दौरान बाजार तक पहुंच, गैर-शुल्कीय उपाय और नियामक सहयोग जैसे प्रमुख विषयों पर संबंधित यूरोपीय अधिकारियों से बातचीत करेंगे। वार्ता के दौरान समझौते पर अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी और ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जाएगी जहां और तालमेल की जरूरत है।

**मुक्त व्यापार समझौते को मिलेगी रफ्तार**

# गढ़मुक्तेश्वर और तिगरी मेले की तैयारियों का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने लिया जायजा

वेलकम इंडिया

**हापुड (हरेंद्र शर्मा)** हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला स्थल का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हर वर्ष लगभग 40 से 45 लाख श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान और दीपदान के लिए पहुँचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध और समन्वित हों ताकि किसी को असुविधा न हो ।मुख्यमंत्री ने यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बता दें कि इस वर्ष 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलने वाले इस मेले को ह्यमिनी कुंभह्व के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। गंगा घाटों पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी, रेस्क्यू बोट और हेल्पलाइन सेंटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मेले को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ा जाए तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि घाटों पर पर्याप्त चेकर प्लेट लगाई जाएं, पैंटून ब्रिज की व्यवहार्यता का परीक्षण किया जाए और कटान क्षेत्रों में सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेजिंग कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए ।उन्होंने कहा कि मेले के दौरान गहराई वाले जल क्षेत्रों में एनडीआरएफ/एसडीआरएफ और फ्लड यूनिट लगातार सतर्क रहें और आवश्यक बैरिकेडिंग की जाए। श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार हेतु प्रेरित करने के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं। पूरे मेले क्षेत्र में सीसीटीवी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर की सतत निगरानी सक्रिय रहे। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की सुरक्षा, प्रसारण व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए ।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अस्थायी शौचालयों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की प्रणाली लागू की जाए और किसी भी प्रकार की लीकेज को रोका जाए। घाटों पर भीड़ नियमन, चेंजिंग रूम, स्वच्छ शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, और कचरा एवं बोतल संग्रहण प्रणाली को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और सभी स्थलों पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी का ध्यान रखने के निर्देश दिए ।यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में आ ा क र्ष क सजावट की जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स लगाई जाएं। साथ ही फायर सेफ्टी सिस्टम, अस्थायी अस्पताल, एंटी-स्नेक वैनम और एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल में स्नान के दौरान पुलिस और एनडीआरएफ की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, और 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में यातायात डायवर्जन योजना प्रभावी रूप से लागू की जाए ताकि किसी प्रकार का जाम न लगे ।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं से कोई अतिरिक्त शुल्क न वसूला जाए और पशुओं के चारे तथा भोजन-पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ड्यूटी पर तैनात स्वयंसेवकों के खान-पान की उचित व्यवस्था की जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि गढ़मुक्तेश्वर का यह ऐतिहासिक मेला न केवल आस्था का केंद्र बने, बल्कि व्यवस्था, स्वच्छता और अनुशासन का आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत करे ।मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर का यह आयोजन उत्तर प्रदेश की आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। सरकार का लक्ष्य है कि यह मेला श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता के साथ सम्पन्न हो, ताकि हर आगंतुक इस पावन तीर्थ से शांति और आशीर्वाद लेकर लौटे ।इससे पहले मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में गंगा पूजन किया फिर गढ़ मेला क्षेत्र में स्थापित सदर बाजार का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने गढ़ मुक्तेश्वर में बनाए जा रहे मोढ़े के स्टोर का भी अवलोकन किया और मोढ़े की क्वालिटी की प्रशंसा की। मालूम हो कि गढ़मुक्तेश्वर का धार्मिक और पौराणिक महत्व अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है कि महाभारत के युद्ध के बाद युधिष्ठिर, अर्जुन और भगवान श्रीकृष्ण ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए यहीं गंगा में स्नान किया था।






**30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलेगा मेला**

- गढ़मुक्तेश्वर मेला बनेगा श्रद्धा,अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक मुख्यमंत्री
- मिनी कुम्भ के रूप में आयोजित होगा गढ़मुक्तेश्वर मेला, सुरक्षा और सुविधा के होंगे पुख्ता इंतजाम
- एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी और रेस्क्यू बोट की व्यवस्था सुनिश्चित
- आस्था और संस्कृति का संगम बनेगा गढ़मुक्तेश्वर मेला, लोककलाओं से सजेगा आयोजन
- रासलीला/कृष्णलीला और लोकगायन से गुंजेगा गढ़मुक्तेश्वर, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
- सीएम योगी का भीड़ प्रबंधन पर विशेष जोर, बोले– श्रद्धालुओं की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
- सीएम ने पशुपालन विभाग को दिया निर्देश गढ़ गंगा मेले में पशु मेला भी लगता है,पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा आदि रहे उपलब्ध



## संपादक की कलम से

# रो-को का जवाब नहीं

दुनिया में असंख्य समस्याएं, टकराव, तनाव, विध्वंस और फिर भी युद्ध की विभीषिकाएं हैं। उनका कब तक, क्यों, कहां तक और कैसे विश्लेषण करें। एक पल, एक दिन सुखद, गौरव, गर्व महसूस करने का मिल जाए, तो उसे एक अभिनव दीपावली मान-समझ कर जी लेना चाहिए। दीपावली गुजरने के बाद हमने भी आज उन लम्हों को चुना है, जो हमारे राष्ट्रीय गौरव हैं, जिनमें रोहित शर्मा और विराट कोहली (संक्षेप में रो-को) सरीखे वैश्विक किरदार हैं। उनका



ललित शर्मा
संपादक

आकलन एक-दो शून्य से नहीं किया जा सकता। महानतम ब्रेडमैन, गैरी सोबर्स से लेकर ब्रायन लारा तक, ऑस्ट्रेलिया में ही महानतम रिकी पोंटिंग से स्टीव स्मिथ तक, भारत में पॉली उमरीगर, विजय मर्चेंट से लेकर सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ तक और अब रो-को तक कौनसा ऐसा बल्लेबाज है, जो कभी शून्य पर आउट नहीं हुआ। यह अपवाद नहीं, विज्ञान या प्रौद्योगिकी नहीं कि मशीन एक जैसा ही काम करेगी। मशीन और कम्प्यूटर भी खराब हो जाते हैं, तो क्या आप उन्हें कोस सकते हो? कदापि नहीं, क्योंकि वे जीवंत, इनसानी प्राणी नहीं हैं। क्रिकेट या कोई अन्य खेल, अंततः, खेल ही होता है। कुछ क्षण, दिन, मूड खिलाड़ी के अनुकूल नहीं होते, तो वह नाकाम रहता है। मैच हार जाता है। वह स्थिति या खिलाड़ी का फॉर्म अस्थायी होता है। दरअसल व्याख्या और विश्लेषण खिलाड़ी की क्लास, हुनर और विख्यात कीर्तिमानों की होनी चाहिए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की उम्र 38 साल 180 दिन की है, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की जमीं, पिच पर, उन्हीं की विश्व विजेता टीम के सामने, नाबाद 121 रन (125 गेंद) ठोंक दिए। इस पारी में 13 चौके और 3 छक्के थे। रोहित का ऑस्ट्रेलिया में यह 9वां शतक था, जो महानतम सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड के बराबर है। रोहित एकदिनी क्रिकेट में 33 शतक, 59 अर्द्धशतक लगा चुके हैं, जबकि कुल अंतरराष्ट्रीय शतक 50 हो गए हैं। एकदिनी क्रिकेट में सर्वोच्च रन 264 भी रोहित के नाम दर्ज हैं। वह वैश्विक क्रिकेट के ऐसे इकलौते बल्लेबाज हैं, जिसके नाम एकदिनी क्रिकेट में ही 3 दोहरे शतक दर्ज हैं। यकीनन ये जादुई, शानदार और अतुलनीय आंकड़े हैं। रोहित शर्मा ने उम्र को व्यर्थ, महज एक आंकड़ा साबित कर दिया है। एकदिनी क्रिकेट में वह 11370 रन ठोंक चुके हैं। भारत में वह सचिन और विराट के बाद तीसरे स्थान पर हैं। विराट कोहली की उम्र भी 37 साल के आसपास है। विश्व कप, 2027 तक दोनों की उम्र 40 साल होगी। आलोचक और विरोधी भी उन्हें चुका हुआ बल्लेबाज नहीं आंक सकते। विराट ने भी ऑस्ट्रेलिया की जमीं और पिच पर नाबाद 74 रन की पारी खेली है। रो-को ने दूसरी विकेट के लिए नाबाद 168 रनों का कीर्तिमान भी बना दिया। रो-को की यह शतकीय साझेदारी 19वीं बार है। लेकिन रोहित शर्मा उर्फ हिटमैन कुल 68वीं बार शतकीय साझेदारी का हिस्सा बने। विराट के नाम एकदिनी 51 शतकों का विश्व-कीर्तिमान भी दर्ज है। उन्होंने ही महानतम सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के कीर्तिमान को पीछे किया था। वह अब विश्व क्रिकेट में सचिन के सर्वाधिक 18,426 रनों के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं। विराट ने ही संगकारा के 14,234 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा। दरअसल रो-को का कोई जवाब ही नहीं है। इनके कीर्तिमानों का एक पूरा इतिहास है, लिहाजा एक संपादकीय अपनी परिधि में इन्हें बांध नहीं सकता। टीम इंडिया के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता किसी भी पूर्वाग्रह के तहत रो-को को टीम से बाहर रखें, तो देश भर में बवाल मच जाएगा। रोहित को फिर से कप्तान बनाने के मद्देनजर गावस्कर, कपिल देव, रवि शास्त्री, नवजोत सिंह सिद्धू सरीखे विश्व चैम्पियन खिलाडि ?ों ने सोशल मीडिया पर लगातार टिप्पणियां लिखी हैं और बीसीसीआई को अपने गलत फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

## उदय किशोर साह



### मिलन की दीप

कविता

लाख तुम मुझे अपना ना कभी समझो
पर मेरी प्यार की चाहत को तुँ छिपाई हो
कितना भी दूरी तुम हमसे बना लो सनम
तेरी हसरत मेरे पास आकर मुस्कुराई है

कहने को तुम हमसे कोसों। दूर खड़ी हो
पर अपने मन की आईने में नजदीक पाई हो
कितना भी मन को कैद कर लो पल्लु में
हर पल आपने दिल की धड़कन मै हमें पाई हो

सामने गली में तुम नफरत से जब भी मिलती हो
पर दूर हो जाने पे सदैव मेरे लिए पछताई। हो
अपने मन की झरोखों से जरा झाँक कर देखो
हर पल मुझे आस पास खड़ा ही देख पाई हो

तेरे सामने मैं जब जब भी आता हूँ दिलवर
मुझे देख हर वक्त गुरूर में तुम इठलाई हो
पर तेरे नजर से जब मैं ओझल हो जाता। हूँ
देख लेने को तेरी चाहत नयन को तरसाई हो

ये है मेरे सच्चे प्यार का इस जग में वो आलम
जिसे चाह कर भी तुम कभी हमें ना भूल पाई हो
हर पल अपन मिलन की तमन्ना तेरे जेहन में
एक दीप मिलन की नित्य ही दर पे जलाई हो

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हनीमून ट्रिप के लिए बेस्ट लोकेशन, कम खर्च में मिलेगा सुकून और रोमांस का डबल डोज

भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जोकि हनीमून ट्रिप प्लान करने के लिए खास मानी जाती है। इस जगहों पर आपको मौसम भी ठंडा मिलेगा और खर्च भी अधिक नहीं होगा। ऐसे में आज हम आपको हनीमून प्लान करने के लिए कुछ अच्छी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

हनीमून ट्रिप का प्लान करने के लिए कपल्स ऐसी जगह की तलाश करते हैं, जोकि कम बजट होने के साथ भीड़भाड़ भी कम हो। बजट में ट्रिप प्लान करने वाले लोगों को लोकेशन के साथ खर्चों का भी ध्यान रखना होता है। यही कारण है कि लोग ट्रिप प्लान करने से पहले बार-बार लोकेशन पर विचार करते हैं। हालांकि भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जोकि हनीमून ट्रिप प्लान करने के लिए खास मानी जाती है। इस जगहों पर आपको मौसम भी ठंडा मिलेगा और खर्च भी अधिक नहीं होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनीमून प्लान करने के लिए कुछ अच्छी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**मसूरीः** मसूरी में 4 दिन का ट्रिप आप 20 हजार में आराम से पूरा कर सकते हैं। खूबसूरत होने के साथ यहां का मौसम भी ठंडा रहता है। इस जगह की खासियत यह है कि आपको यहां पर हम मौसम में कम भीड़ देखने को मिलेगी। यह उत्तराखंड का बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। आप कम बजट में किसी पहाड़ी जगह पर हनीमून प्लान करने की सोच रहे हैं, तो आपको मसूरी आने का प्लान बनाना चाहिए।

**नैनीतालः** नैनीताल उत्तराखंड का एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां पर भी आपका ज्यादा खर्च नहीं होने वाला है। इस जगह की खासियत यह है कि यह एक रोमांटिक हिल स्टेशन माना जाता है। अगर आप कम बजट में पहाड़ों, झीलों और शांत वातावरण में हनीमून मनाने का प्लान कर रहे हैं, तो नैनीताल यकीनन बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। 20 हजार के अंदर ट्रिप प्लान करने वाले कपल्स यहां आ सकते हैं।

**लैंसडाउन और धनोल्टीः** बता दें कि यह दोनों ऐसी जगहें हैं, जहां पर आपको अधिक पर्यटकों की भीड़ देखने को नहीं मिलेगी। इसलिए यह जगह हनीमून ट्रिप के लिए आपको जरूर पसंद आएगी। इन दोनों ही जगहों पर ज्यादा पर्यटक नहीं होते हैं, इसलिए यहां पर आपको होटल आदि भी सस्ते में मिल जाएंगे। आप 4-5 दिन का ट्रिप 20 हजार में आराम से पूरा कर सकते हैं। वहीं अगर आप पार्टनर के साथ सुकून और रोमांटिक पल बिताना चाहते हैं, तो आप यहां पर आने का प्लान बना सकते हैं।



# फेस्टिव-शादी सीजन में दिखना है सबसे अलग? ट्राई करें ये ग्लैमरस ऑफ-शोल्डर सूट्स

फेस्टिव और शादी के सीजन में अपनी स्टाइल को सबसे अलग दिखाने के लिए ग्लैमरस ऑफ-शोल्डर ट्रेडिशनल सूट्स एक बेहतरीन विकल्प हैं। ये स्टाइलिश आउटफिट्स, जैसे ऑफ-शोल्डर ब्लाउज-शरारा सेट और जॉर्जेट कुर्ता, आपको अट्रैक्टिव व यूनिक लुक प्रदान करते हैं।

इन लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स से महिलाएं त्योहारों और पार्टियों में आसानी से तहलका मचा सकती हैं। छठ पूजा से लेकर शादियों के मौसम में आप इन ट्रेडीशनल ड्रेस के साथ हर जगह तहलका मचा देंगी। महिलाएं हमेशा आउटफिट को लेकर परेशान रहती है, अब आपको परेशान होने की कोई जरुरत नहीं है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि बेस्ट ट्रेडीशनल ऑफ शॉल्डर ड्रेसेज, जिन्हें आप किसी भी फंक्शन में आराम से पहन सकती हैं।

**ऑफ-शोल्डर ब्लाउज और शरारा सेटः** अगर आप एकदम यूनिक आउटफिट पहनना चाहती है, तो आप ऑफ-शोल्डर ब्लाउज और शरारा सेट पहन सकती है। यह आपके फैशन में भी चार चांद लगा देंगे। यह आपके लुक को अट्रैक्टिव बना देगा। इसे आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

**रेड जॉर्जेट स्वीटहार्ट नेक शरारा सेटः** किसी भी फंक्शन और फेस्टिवल में जान डालने के लिए रेड जॉर्जेट स्वीटहार्ट नेक शरार सेट ही काफी है। इसे चाहे आप कपड़े को खरीदकर टेलर बनवा सकती हैं या फिर ऑफलाइन भी इसे खरीद सकती हैं। ऑनलाइन वेबसाइट पर आपको इस तरह की ड्रेसेज मिल जाएघी। हर पार्टी में यह ड्रेस जान डाल देगी।

**पिंक विस्कोस जॉर्जेट कुर्ता सेटः** शादियों के सीजन में कुछ हटके दिखाना है, तो इस पिंक विस्कोस जॉर्जेट कुर्ता सेट जरुर खरीदें। इस तरह की ड्रेस आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन तरीके से खरीद सकती हैं। इस लुक को कंप्लीट करन के लिए आप मैचिंग एक्सेसरीज वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप तहलका मचा देंगी।

# छठ व्रत में रसिया प्रसाद बनाने का यह है शुद्ध पारंपरिक तरीका, नहीं फटेगा दूध



छठ पूजा 2025 के खरना में बनने वाले पारंपरिक रसिया प्रसाद को बनाने की सटीक विधि जानें। दूध फटने से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है कि चावल और दूध को पूरी तरह ठंडा होने के बाद ही उसमें गुड़ मिलाया जाए, जिससे यह स्वादिष्ट गुड़ की खीर शुद्ध और सही बने। यह उपाय खरना प्रसाद की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। आज यानी 25 अक्टूबर, शनिवार से नहाय-खाय के साथ छठ पूजा की शुरूआत हो चुकी है। छठ पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से इसकी शुरूआत होती है। आज के दिन महिलाएं अपने घर की साफ-सफाई के साथ खास तरह के भोजन बनाती है। जैसे कि चना की दाल, लौकी-कद्दू की सब्जी, अरवा चावल बनाता है, इसे प्रसाद के रुप में सभी लोग खाते हैं। इसके अगले दिन खरना बोला जाता है। इस दिन महिलाएं प्रसाद के तौर पर रसिया को खाती हैं और 36 घंटे के व्रत की शुरूआत करती हैं। रसिया यानी चावल और गुड़ की खीर होती है, इसे बनाने में काफी समय लगता है। कई बार तो बनाते समय दूध फट जाता है। आइए आपको बताते हैं इन बातों को ध्यान में रखकर चावल और गुड़ की खीर जरुर बनाएं।

- सबसे पहले साफ बर्तनों में दूध को उबालें।
- फिर आप अरवा चावल को अच्छे से धोकर साफ करें और दूध में डालकर धीमी आंच पर पकाएं।
- इस खीर को मिट्टी के चूल्हे पर बनाया जाता है। जिससे खरना की शुद्धता बनीं रहे। अगर आपके घर में मिट्टी का चूल्हा ना हो, तो खीर को गोबर के उपले पर बना सकते हैं। गाय के गोबर के उपले पर बनी खीर भी पवित्र मानी जाती है।
- जब दूध में चावल पूरी तरह पक जाए तो इसे आंच से नीचे उतारकर ठंडा कर लिया जाता है। ठंडा होने के बाद इसमें गुड़ डालते हैं। अगर आप उबलते और गर्म दूध में गुड़ डालेंगे तो दूध के फटे जाने का डर रहता है। इसलिए इस बनाते समय सावधानी बरतनी चाहिए।
- चावल और दूध के ठंडा होने के बाद इसमें गुड़ डालकर मिक्स करें और इसके साथ ही इसमें थोड़ा-सा घी भी डालें। इसका स्वाद और महक बढ़ जाएगा।
- रसिया को गाढ़ा बनाने के लिए चावल और दूध को अच्छे से पकाएं, तभी दोनों मिलकर एकसार हो पाएंगे। इसके साथ ही गुड़ की मदद से इससे सुनहरा रंग देखने को मिलेगा।

# बिहार में तेजस्वी के नाम पर मुहर मजबूरी भरी स्वीकृति

क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनाव के सतरंगी रंग देखने को मिल रहे हैं। बिहार की राजनीति में आखिरकार उस घोषणा का रंग भी देखने को मिल ही गया, जिसका सबको इंतजार था। आखिरकार तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय ह्यदेर आए, दुरुस्त आएह्ण की कहावत को चरितार्थ करता है। लंबे समय से इस पर राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस क्या तेजस्वी के नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार करेगी या नहीं? अंततः उसने तेजस्वी पर भरोसा जताया, पर यह भरोसा एक प्रकार की मजबूरी भरी स्वीकृति भी लगती है, न कि उत्साहपूर्ण गठबंधन की रचनात्मक एकजुटता। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत नहीं है, उसने मुख्यमंत्री का चेहरा अनिच्छा से ही उजागर नहीं किया था, इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस अभी भी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म समझने में उलझी है, यह राहुल गांधी की नाकाम राजनीति का भी द्योतक है, ऐसे मामलों में वे अपरिपक्वता का ही परिचय देते रहे हैं। क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के



लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लड़ने की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उसके पास न प्रभावशाली चेहरा है, न जनाधार। हाल के चुनावों में उसका प्रदर्शन लगातार निराशाजनक रहा है। ऐसे में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था कि वह नेतृत्व की भूमिका की बजाय सहयोगी भूमिका निभाए। तेजस्वी यादव के रूप में राजद आज बिहार में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत है। यह भी एक वास्तविकता है कि जिस तरह से नीतीश कुमार का जनाधार खिसक रहा है, तेजस्वी उस रिक्त स्थान को भरने की क्षमता रखते हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले कुछ वर्षों में अपने नेतृत्व को निखारा है। उन्होंने ह्यनौकरी, विकास और सम्मानह्ण जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया है। उनकी भाषा में युवाओं की बेचैनी, बेरोजगारी का दर्द और अवसरों की तलाश झलकती है। बिहार के युवा अब जातीय राजनीति से ऊपर उठकर रोजगार और जीवन की गुणवत्ता के सवाल पूछने लगे हैं, और तेजस्वी इन्हीं सवालों को अपनी ताकत बना रहे हैं। हाल के वर्षों में उनके तेवर में जो परिपक्वता आई है, वह बताती है कि वे अब सिर्फ ह्यलालू के पुत्रह्ण नहीं, बल्कि स्वयं का राजनीतिक ब्रांड बन चुके हैं। उनका ह्यजनादेशह्ण अब सिर्फ परंपरा या पारिवारिक विरासत पर आधारित नहीं है, बल्कि नये बिहार की आकांक्षाओं से जुड़ने की कोशिश है। एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है। यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं दिलचस्प है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है। ताजा परिदृश्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के विकास की राजनीति ही बढ़त बनाये हुए है। भाजपा ने बिहार में धीरे-धीरे अपना जनाधार बढ़ाया है, अब भी वह स्वतंत्र चुनाव न लड़कर क्षेत्रीय दलों के सहारे आगे बढ़ रही है। भले ही नीतीश कुमार, जिन्होंने वर्षों तक ह्यसुशासन बाबूह्ण की छवि से राजनीति की, अब थके हुए और अविश्वसनीय से प्रतीत होने लगे हैं। बार-बार गठबंधन बदलने, राजनीतिक अवसरवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उनकी साख को गहरी चोट पहुंचाई है। जनता अब बदलाव चाहती है। यह बदलाव किस रूप में सामने आयेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। यदि यह बदलाव तेजस्वी के नेतृत्व में संभव होता है तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन भी होगा। हालांकि तेजस्वी के चेहरे पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन यह गठबंधन की एकजुटता की गारंटी नहीं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बँटवारे को लेकर असहमति फिर उभर सकती है। बिहार का मतदाता जातीय समीकरणों से प्रभावित रहता है, और भाजपा-जेडीयू गठबंधन इस बिंदु पर अब भी मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा, तेजस्वी को छवि सुधार और जनसंपर्क के नए मॉडल पर भी काम करना होगा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अस्थिरता के पुराने आरोपों से वे अब भी पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं। अगर वे इस बार भी भावनाओं की राजनीति पर अटके रहे, तो जनता का भरोसा खिसक सकता है।

# भाकियू (टिकैत) ने धान खरीद में अनियमितताओं के खिलाफ बुलाई आपात बैठक, सुधार न होने पर धरने की चेतावनी

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** रविवार को अवकाश के बावजूद मंडी परिसर में भाकियू (टिकैत) के प्रदेश सचिव सरदार मंजीत सिंह अटवाल की अध्यक्षता में आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में धान खरीद में अनियमितताओं और राइस मिलों द्वारा किसानों की लूट का मुद्दा प्रमुख रहा।

किसानों ने आरोप लगाया कि सरकारी क्रय केंद्रों पर धान का उठान न होने से धान के चट्टे जमा हो गए हैं और मंडी में जगह की कमी हो गई है। प्राइवेट खरीद में राइस मिलें ओने-पोने दामों पर धान खरीदकर किसानों का शोषण कर रही हैं। भाकियू ने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और मंडी गेट पर तालाबंदी की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में एनपीके और डीएपी खाद की कमी का मुद्दा भी उठा। किसानों ने मांग की कि बुवाई के समय में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में कुलदीप सिंह, अवतार सिंह, मंगल सिंह, कमरुद्दीन, गुरमुख सिंह, सुखविंदर सिंह हुंदल, बलजीत बाजवा, लखविंदर सिंह, गुरप्रीत अटवाल, पीरथीपाल सिंह, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

- प्राइवेट खरीद में राइस मिलें ओने-पोने दामों पर धान खरीदकर किसानों का शोषण कर रही हैं।
- किसानों ने मांग की कि बुवाई के समय में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



# नन्हें मुन्ने बच्चों ने निकाली मां काली की शोभायात्रा

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** नगर में कुछ दिनों पूर्व से मां काली की शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक व्यक्ति मां काली के स्वरूप रखकर अपनी कला से लोगों को लुभाता है, वहीं एक छोटा बच्चा आधार वार्ष्णेय ने माँ काली का स्वरूप रखकर अपनी कला की प्रदर्शनी से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं काली स्वरूप के साथ नील बने हनी शर्मा व आभार वार्ष्णेय ने भी काली स्वरूप के साथ अपनी कला से लोगों को आनंदित कर दिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि काली की शोभायात्रा का शुभारम्भ शुभकामना मैरिज होम से निकट शिव मंदिर से नगरपालिका के सभासद मनोज गुप्ता ने फीता काटकर किया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा निकाली गयी माँ शोभायात्रा नगर के रामा गंज से केनरा बैंक वाली गली से मुख्य बाजार होती हुई लक्ष्मी नारायण मंदिर पर समापन हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माँ काली द्वारा दिया गया प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मोहल्ला पाठक में भी छोटे छोटे बच्चों ने माँ काली की शोभायात्रा का आयोजन किया। जिसका शुभारम्भ हेमंत मुदगल व प्रभात पाठक ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हिर्देश वार्ष्णेय, हिर्देश पाठक, राजा बाबू, रोहित अग्रवाल, सचिन गुप्ता (कल्लन), जय भगवान, देवेंद्र चौटाला व रौनक बंसल आदि लोगों का सहयोग रहा।



# थाना मिलक को एक गुमशुदा बालिका भटकी हुई अवस्था में मिली



वेलकम इंडिया गुलजार आलम खान

**रामपुर।** थाना मिलक क्षेत्रान्तर्गत महिला सुरक्षा दल थाना मिलक को एक गुमशुदा बालिका भटकी हुई अवस्था में मिली। पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि वह अपने घर से गुस्से में निकलकर रास्ता भटककर थाना मिलक क्षेत्र में आ गई थी। महिला सुरक्षा दल, थाना मिलक द्वारा बालिका को थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र थाना मिलक रामपुर लाया गया तथा उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। जानकारी करने पर पता लगा कि गुमशुदा बालिका ग्राम मुरारिया, थाना इज्जतनगर, जनपद बरेली की निवासी है। समुचित कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

महिला सुरक्षा दल, थाना मिलक रामपुर पुलिस द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य से बालिका सुरक्षित अपने परिवार तक पहुंच सकी। गुमशुदा बालिका से मिलने के बाद बालिका के परिजनो ने मिशन शक्ति टीम रामपुर पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# देश को विश्व गुरु बनाना है तो आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ जुड़ना होगा: हरीश गंगवार

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** हरीश गंगवार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को हम सबको मिलकर साकार करना है।।

और मैं अपनी मातृ शक्ति से कहना चाहता हूं कि अगर हमारी मातृ शक्ति कुछ भी ठान ली तो असंभव भी संभव हो जाता है और यहां मौजूद हमारे मातृशक्ति अगर ठान ले कि हमको आत्मनिर्भर बनना है और स्वदेशी अपनाना है तो दुनिया में भारत को विश्व गुरु बनने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। आप सभी जानते हैं देश की बढ़ती ताकत और बढ़ती अर्थव्यवस्था को देख विश्व में भारत का सम्मान बढ़ता चला जा रहा है और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सबको संकल्प के साथ काम करना होगा, ₹स्वदेशी अपनाओ विदेशी छोडो₹ नारे को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में लाना होगा, आप सभी जानते हैं विदेशी उत्पादों से विदेशी कंपनियों को लाभ होता है और स्वदेशी कंपनिया के उत्पादों को इस्तेमाल करने से हमारे देश को लाभ होता है। देश अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हम सभी को स्वदेशी अपनाना होगा और ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी चीज खरीदनी होगी, कई उत्पाद ऐसे हैं जिसमें अगर हम पूर्णतया स्वदेशी कंपनिया ना ढूंढ पाए तो भी हमारे पास विकल्प खुला हुआ है।। हम लोगों को उन कंपनियों के समान और वस्तुएं खरीदनी चाहिए जो की मेक इन इंडिया हो, अर्थात भले ही वह अंतरराष्ट्रीय कंपनी हो या फिर विदेशी कंपनी हो, अगर वह हमारे देश में ही वस्तुओं का प्रोडक्शन कर रही है और जिसमें हमारे आपने भाइयों की मेहनत और पसीने हो, तो हम उसे उत्पाद को भी खरीद सकते हैं क्योंकि उसे उत्पादन से भी हमारे ही देश के लोगों का रोजगार चल रहा है।। प्रधानमंत्री जी द्वारा विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ कर जा चुका है, चाहे वोकल फॉर लोकल हो या फिर वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट, और मेक इन इंडिया से तो हम सभी परिचित है।




# न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर/न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत पहासू क्षेत्र की न्याय पंचायत उटरावली की खेलकूद प्रतियोगिता चौधरी फिजिकल एकेडमी उटरावली के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई जिसका शुभारंभ पूर्व जिला अध्यक्ष किशन मोर्चा सम्भू सिंह राघव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज गर्ग, कार्यक्रम संयोजक धनवीर सिंह ,राजकुमार सिंह , ग्राम प्रधानपति विजय सिंह आदि अन्य जनप्रतिनिधि रहे। खेल कूद प्रतियोगिताओ में दौड़,कब्बड्डी, आदि बालक/बालिका वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कुलदीप पूनिया एवं बेसिक शिक्षा विभाग के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# हेलमेट न पहनने पर कार चालक का पुलिस ने काटा 1000 का चालान



सवा म.
M****H K***R S***H R**A

| | | | |
|---|---|---|---|
| वाहन संख्या: | UP13CH9170 | इंजन संख्या: | ........ |
| वाहन अवधि | ........ | चेसिस संख्या: | ........ |
| वाहन श्रेणी: | Motor Car(LMV) | वाहन स्वामी का नाम: | M****H K***R S***H R**A |
| वाहन पंजीयन की वैधता अवधि: | ........ | वाहन स्वामी के पिता का नाम: | R********A S**H |
| वाहन स्वामी का मोबाइल: | *******338 | वाहन स्वामी का पता: | 2*2 R**********R ,*********R ,*P ,*****5 |

यातायात नियमों के उल्लंघन का विवरण

चालान संख्या: UP30036425102170618

| तिथि / समय | स्थान | उल्लंघन का विवरण | शमन शुल्क (रु.) |
|---|---|---|---|
| 21-10-2025 17:06:19 | F4MJ+FM9, Amargarh, Uttar Pradesh 203398, India | : Driving Two-wheeled without helmets ( Section 194 D of MVA 1988 RW section 129 of CMVA and rule 121 of U.P. MVR 1998. ) | 1000/- |

वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के अमरगढ़ में पुलिस की एक अजीबोगरीब कार्यवाही ने सोशल मीडिया पर हंगामा खड़ा कर दिया है। यहां एक कार चालक को कथित तौर पर हेलमेट नहीं पहनने के जुर्म में ?1000 का चालान पुलिस द्वारा थमा दिया गया उत्तर प्रदेश पुलिस हमेशा चचाओं में रहती है। कभी एनकाउंटर के समय मुंह से बंदूक की आवाज निकाल जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर निवासी मनीष राणा मंगलवार की शाम अपनी कार से जिसका नंबर (वढ13 सी एच 9170) लगभग 5 बजे अपनी गर्भवती पत्नी को दवा दिलाने जा रहा था तभी पुलिस ने कार चला रहे मनीष पर हेलमेट नहीं होने का चालान काट कर थमा दिया। वहीं आजाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष मनीष राणा ने आरोप लगाते हुए बताया कि कुछ दिनों पहले पुलिसकर्मियों की शिकायत की गयी थी जिसके चलते मेरा यह चालान द्वेष भाव से काटा गया है। चालान की तारीख 21 अक्टूबर 2025 की है, जिसे अमरगढ़ पुलिस द्वारा काटा गया था। चालान में साफ तौर पर ₹चालक या सवार द्वारा बिना हेलमेट के वाहन चलाया गया₹ उल्लंघन का जिक्र है और जुमार्ना राशि ?1000 है। हालांकि, कार चार पहिया वाहन है जिसके चालक के लिए हेलमेट अनिवार्य नहीं होता है, वहीं यह चालान एक कार चालक पर हेलमेट न होने की वजह से काटे जाने की है जो कि और भी ज्यादा चौंकाने वाली बात है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच कर चालान को निरस्त कर दिया है।



मामले की जानकारी मिलने पर जांच करा कर चालान को निरस्त करा दिया गया है। -संजेश कुमार ,प्रभारी निरीक्षक, जहांगीराबाद

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी:-** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय पाण्डेयपुर वाराणसी के अन्तर्गत संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र वाराणसी (डी.डी.आर.सी) को आदर्श डी.डी.आर.सी बनाये जाने के सम्बन्ध में निरीक्षण किया गया` डी.डी.आर.सी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें` मुख्य विकास अधिकारी ने डी.डी.आर.सी.को आर्दश डी.डी.आर.सी.बनाये जाने हेतु,थैरेपी से सम्बन्धित उपकरण,रिक्त पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति,खराब पड़े उपकरणों की मरम्मत तथा आवश्यकता अनुसार बदलने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये साथ ही मॉडल डी.डी.आर.सी.बनाये जाने हेतु सीएसआर निधि के माध्यम से फण्ड एवं लिफ्ट उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया गया` निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड एवं एनआरसी सेन्टर का भी औचक निरीक्षण किया गयो मरीजो से खान-पान,दवा की उपलब्धता तथा डॉक्टरों के निरीक्षण के सम्बन्ध में पूछताछ की गई मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वार्ड में महिला एवं पुरुष शौचालय की साफ-सफाई,फैले गंदगी तथा शौचालय के टूटे दरवाजे की मरम्मत के सम्बन्ध में सीएमएस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



# पंचायती राज्यमंत्री ओमप्रकाश राजभर का नगला बंजारा में किया गया जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/ बुलंदशहर/**रविवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव चौढेरा के नगला बंजारा पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जिन्होंने आयोजित सामाजिक समरसता एवं अतिपिछड़ा महासम्मेलन में उन्होंने बंजारा समाज सहित पिछड़े वर्ग के लोगों को संबोधित किया। वही अखिलेश सरकार पर भी जमकर तंज कसे। मंत्री राजभर का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बंजारा समाज के हजारों लोग मौजूद रहे। भीड़ ने ह्यराजभर जी जिंदाबाद और बंजारा समाज एकता जिंदाबाद के नारों से माहौल उत्साहदायक बन गया। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को उसका हक और सम्मान दिलाने के लिए कार्य कर रही है सरकार। उन्होंने कहा कि बंजारा समाज मेहनतकश और ईमानदार समाज है, जिसे लंबे समय से अधिकारों से वंचित रखा गया। सरकार अब इस समाज को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। मंत्री ने अपील करते हुए कहा कि बंजारा समाज के सभी लोग अपने नाम और पहचान को सरकारी अभिलेखों में दर्ज कराएं, ताकि किसी भी सरकारी योजना या आरक्षण से वे वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि समाज की सही पहचान और दस्तावेजीकरण ही आने वाले समय में उनके अधिकारों की गारंटी बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग के माध्यम से गांवों में स्वच्छता, पेयजल, सड़क और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।



# शालिग्राम कुटी में धूमधाम से मनाया गया ठाकुर श्रीराधा गोविंद देव महाराज का वार्षिक महोत्सव

वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** कालीदह क्षेत्र स्थित कालिंदी विहार कॉलोनी की शालिग्राम कुटी में ठाकुर श्रीराधा गोविंद देव महाराज का वार्षिक महोत्सव महंत रमणरेती महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसके अंतर्गत ठाकुर श्रीराधा गोविंद देव महाराज का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पञ्चामृत से अभिषेक किया गया।तत्पश्चात संतों एवं भक्तों के द्वारा संगीतमय श्रीहरिनाम संकीर्तन किया गया।इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीराधा उपासना कुंज के महंत संतदास महाराज ने कहा कि शालिग्राम कुटी श्रीगौडीय वैष्णव संप्रदाय का एक प्रमुख केंद्र है।जिसके द्वारा देश भर में भारतीय वैदिक सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

श्रीराम मन्दिर के महन्त आचार्य रामदेव चतुर्वेदी एवं शुकाचार्य पीठाधीशश्वर डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन उत्सवों की भूमि है।यहां नित्य प्रति किसी न किसी रूप में ठाकुर श्रीकृष्ण और उनकी आल्हादिनी शक्ति स्वरूपा श्रीराधा रानी के उत्सव मनाए जाते हैं।इन्हीं उत्सवों से वैदिक सनातन संस्कृति पल्लवित व पोषित होती है।

प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं महन्त जगन्नाथ दास शास्त्री महाराज ने कहा कि महंत रमणरेती दास महाराज त्याग व तपस्या के मूर्तिमान स्वरूप हैं। जिन्होंने अपना समूचा जीवन अपने आराध्य ठाकुर श्रीराधा गोविंददेव महाराज की सेवा में समर्पित किया है।

इस अवसर पर महंत स्वामी रामानंद महाराज, रामानंद दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी भक्तानंद हरि साक्षी महाराज, महंत कृष्णा दासी, डॉ. राधाकांत शर्मा, रतन दास, स्वामी गंगानंद महाराज (कोतवाल), स्वामी मधुरानंद गिरि महाराज आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी ने किया। शालिग्राम कुटी के महंत रमणरेती दास महाराज ने महोत्सव में पधारे सभी विद्वानों का ठाकुरजी का पटुका प्रसादी माला भेंट करके स्वागत व अभिनंदन किया।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।



# प्रशिक्षित आपदा मित्रों ने की ड्यूटी और मानदेय की मांग

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** छठ पर्व पर किसी अनहोनी से निपटने के लिए आपदा मित्रों की ड्यूटी लगाई जाए इनके पास लाइफ जैकेट है यदि कोई डूब रहा है, तो तत्काल उसे निकाल सकते हैं। छठ के समय लोग नदी में पूजा करते हैं उस समय यदि कोई महिला या बच्चा पानी मैं डूबने लगे तो पुलिस के पास लाइफ जैकेट नहीं होती है कि उसे बचा सके, ना ही जिले में एनडीआरएफ की टीम होती है जो की तत्काल एक्शन लेकर के रेस्क्यू कर सके। जिले में 276 आपदा मित्र वर्तमान प्रशिक्षित है। प्रशिक्षण से आने के बाद आपदा मित्रों से केवल निःशुल्क कार्य लिया जाता है। जिसके लिए ना तो इन्हें भत्ता दिया जाता है, ना कोई मानदेय मिलता है। बीमा कवर भी खत्म हो चुका है।

मनोज यादव ने बताया कि सरकार केवल प्रशिक्षण करा रही है अबतक आपदा मित्र का 12 दिवसीय, तरण मित्र, मास्टर ट्रेनर 21 दिवसीय, सर्प दंश न्यूनीकरण 4 दिवसीय और मार्क ड्रिल करते-करते आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है, गांव के लोग मजाक उड़ाते हैं की बाबू की नौकरी अभी पक्की नहीं हुई। जिले के वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर श्याम देव यादव ने बताया कि आपदा विभाग से 2006 से जुड़ा हूं, लेकिन आज भी उसी जगह खड़ा हूं। दिसम्बर 2024 और जनवरी 2025 में टाइम्स लर्निंग एनजीओ को पूरे प्रदेश में प्रशिक्षण का कार्य दिया इसी प्रकार अभी मई महीने में समूह सखियों को लखनऊ में सात दिवसीय प्रशिक्षण देते हुए उन्हें कार्य दे दिया गया है। जिसके लिए उन्हें ?650 प्रतिदिन के हिसाब से दिया गया है। गोरीशंकर ने बताया कि मैं निजी स्कूल में पढ़ाता हूं विभाग यह काम के लिए जिले पर जाना पड़ता है तो छुट्टी लेने में दिक्कत होती है।

आपदा मित्रों का कार्य की सरहना गृह मंत्री और मुख्यमंत्री तक करते हैं लेकिन रोजगार की बात कोई नहीं करता है।

डुमरियागंज तहसील के सुनील कुमार यादव ने दशहरा के दूसरे दिन डूब रहे विनोद मौर्य को अपनी जान को जोखिम में डालते हुए बचाया था। राम नवल यादव ने बताया कि विभाग में काम नहीं मिलने के कारण और बार-मुख्यालय जाने के कारण आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। आपदा सखी अनुराधा ने बताया कि हम लोग 12 दिवसीय प्रशिक्षण लेकर के आये इसका अभी तक मानदेय नहीं दिया गया और जो यहां काम करते हैं उसका भी कुछ नहीं मिल रहा है जबकि समूह सखियों द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण लिया गया जिसका उनको ?300 प्रतिदिन के हिसाब से ?2100 उनके खाते में भेज दिया गया है। अन्य आपदा मित्रों और आपदा सखियों ने भी कामना मिलने की बात कह रहे हैं, आशीष देव यादव, अजीजुद्दीन, दुर्गा प्रसाद, अरविन्द यादव, दुर्गेश ओझा, पूनम, रामसुन्दर यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव आदि ने भी ड्यूटी की मांग किया है।

## बूथ की मजबूती ही हमारी सफलता का आधार : श्याम जायसवाल

**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।** विधानसभा शोहरतगढ़ के चिल्हियां अन्तर्गत जनता विद्या मंदिर उदयरायगंज में भारतीय जनता पार्टी मण्डल चिल्हियां के बूथ अध्यक्ष/वरिष्ठ कार्यकताओं, चिल्हियां मण्डल में निवास करने वाले जिला अथवा क्षेत्रीय पदाधिकारी समस्त शक्ति केन्द्र संयोजक/प्रभारी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण, प्रबुद्ध जनों का सम्मान समारोह रविवार को मण्डल अध्यक्ष चिल्हियां रमेश मणि त्रिपाठी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने वहां उपस्थित सभी से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान श्याम जायसवाल ने बूथ अध्यक्षों, कार्यकताओं, सम्मानित जनों, पदाधिकारियों को शाल भेंटकर सम्मानित किया।

# पुलिस पर लगा युवक की पिटाई का आरोप थानाध्यक्ष सहित चार पुलिस कर्मी ससपेंड

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कपिलवस्तु में तीन दिन पहले विसर्जन के दौरान एक युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में मिला था। उसे बीआरडी से लखनऊ रेफर कर दिया गया था, जहां उसका इलाज चल रहा है। इसमें परिवार का आरोप था कि कुछ पुलिस वाले लेकर गए, उन्हें की ओर से उसकी पिटाई की गई थी।

इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में थानाध्यक्ष मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय और आरोपी चार अन्य पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। परिवार की ओर से तहरीर मिलने के आधार पर जांच करके उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। डीआईजी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन के दौरान लापता हुआ नगर पंचायत कपिलवस्तु का युवक अवनीश पटेल गंभीर हालत में सड़क किनारे मिला तीन दिन पहले मिला था। उसके शरीर पर धारदार हथियार के निशान पाए गए। पिता अशोक पटेल ने आरोप लगाया कि घटना से पहले मोहाना थाना के सिपाही उसे बाइक से कहीं ले गए थे।

बाद में वह घायल अवस्था में मिला। उसे जिला मुख्यालय फिर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज ले गए वहां से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है। वहीं, परिजनों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक डा. अभिषेक महाजन ने जांच सीओ सदर विश्वजीत शौर्य को सौंपी है। रिपोर्ट तीन दिन में मांगी गई है।

अवनीश की हालत नाजुक बनी हुई है। देर शाम डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही बरतने में थानाध्यक्ष मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय और आप में चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। इनमें राजन सिंह, मनोज यादव, अभिषेक गुप्त और मनजीत सिंह सिपाही शामिल हैं तहरीर के आधार पर संबंधित चार पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने के भी कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में डीआईजी बस्ती संजीव त्यागी ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच कराया गया है लापरवाही बरतने के आरोप में थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा जिन चार पुलिस कर्मियों पर आरोप है उनको भी निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जेल भेजने की भी कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### पांच अभियुक्तों के खिलाफ मारपीट मामले मुकदमा किया दर्ज

**मथुरा।** थाना गोवर्धन के गाँव पलसों में बिगत उन्नीस तारीख को रामलीला मंचन के दौरान दो पक्षो में मारपीट हुई थी जिसमें गांव के ही नटवर लाल, घनश्याम, अनूप, नरेश, महादेव ने पीड़ित दुर्गा प्रसाद के साथ लाठी डंडो से मारपीट की थी, जिसके चलते दुर्गा को गंभीर चोट आयीं थी। दुर्गा के परिजनों ने उसे गोवर्धन स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मैं भर्ती कराया था जहाँ उसकी हालत नाजुक देखते हुये मथुरा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, वहीं दुर्गा की तरफ से मारपीट की तहरीर थाना गोवर्धन में दी गयीं थी जिसमे पुलिस ने जांच कर पांच अभियुक्तों के खिलाफ मारपीट की विभिन्न धाराओं मैं मामला दर्ज किया है। मारपीट करने वाले अभियुक्त दबंग किस्म के है जिनपर मथुरा सहित अन्य जिलों में हिस्ट्रीसीटर सहित दो दर्जन लूटपाट अंतराजीय चोरी धोखाधड़ी के केश दर्ज है।

### बरेली में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, 4.2 किलो अफीम और 6 तस्कर गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** एसटीएफ बरेली यूनिट ने कैंट थाना क्षेत्र के विजय द्वार के पास एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 किलो 200 ग्राम अफीम के साथ 6 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 2 कारें, 6 मोबाइल फोन और 4340 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, ये तस्कर झारखंड से पंजाब, हरियाणा और बरेली में अफीम की सप्लाई कर रहे थे। गिरफ्तार तस्करों के नाम अंकित सिंह, शेर सिंह, मंटू, तेजराम, चंदन यादव और राजकुमार हैं। एसटीएफ का कहना है कि बरामद अफीम की कीमत लगभग 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अब इस मामले में तस्करों के नेटवर्क और उनके अन्य सहयोगियों की तलाश में जुट गई है।

# ग्राम जुल्हेंदी स्थिति श्रीचित्रगुप्त पीठ में 51 फीट ऊंची ब्रह्माजी की भव्य मूर्ति का हुआ अनावरण

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** रविवार को अध्यात्म और भक्ति का संगम देखने को मिला। राधाकुंड छटीकरा मार्ग पर जुल्हैंदी में स्थित श्री चित्रगुप्त पीठ पर 51 फीट ऊँची भगवान ब्रह्मा जी की भव्य मूर्ति का अनावरण किया गया। इस ऐतिहासिक अनावरण समारोह का नेतृत्व स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त जी महाराज ने किया। मूर्ति का अनावरण उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना उत्तराखंड के जल मंत्री दिनेश आर्य महामंडलेश्वर और अनेक साधु-संतों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजनेता संत? श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। स्वास्तिक प्रोपर्टी एंड ग्रुप के चेयरमैन मयंक सक्सेना ने मंत्री व सभी साधु संतों का स्वागत किया। पूरे परिसर में भक्ति संगीत और उत्साह का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि ब्रज में बंदरों के आतंक से लोगों को जल्द राहत दिलाने के लिए सरकार ठोस कदम उठाएगी।

उन्होंने बताया कि ब्रज की धार्मिक पर्यावरणीय और पर्यटन महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां व्यवस्थित वन्यजीव प्रबंधन योजना तैयार की जा रही है। वन मंत्री ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश को हरियाली के मामले में उत्तराखंड की तरह हरा भरा प्रदेश बनाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि वृंदावन में दो नए पार्क विकसित किए जाएंगे जहां हरियाली पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान? भजन, कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। स्वामी सच्चिदानंद चित्रगुप्त जी महाराज ने कहा कि भगवान ब्रह्मा जी की यह विशाल मूर्ति ब्रजभूमि की धार्मिक पहचान को और सशक्त करेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को सनातन परंपरा से जोड़ने का माध्यम बनेगी। इस सुअवसर पर पर्यवरण मंत्री अरुण सक्सेना, जल मंत्री उत्तराखंड दिनेश आर्य, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, चक्रमणि त्रिपाठी महाराज, स्वास्तिक प्रोपर्टी ग्रुप के चेयरमैन मयंक सक्सेना, अजय सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## कांधला रामलीला समिति का पंजीकरण विवाद आयुक्त न्यायालय पहुंचा

**कांधला।** नगर की ऐतिहासिक श्री रामलीला समिति से जुड़ा पंजीकरण विवाद सहारनपुर मंडल के आयुक्त न्यायालय में पहुंच गया है। आयुक्त अटल कुमार राय ने वाद संख्या 2059/2025 में सहायक निबंधक से समिति की मूल पत्रावली तलब की है। आरोप है कि 1973-74 में पंजीकृत मूल समिति की फाइल गायब कर 2008-09 में कुछ लोगों ने श्री रामलीला कमेटी (मंडप पंचवटी) के नाम से फर्जी पंजीकरण कराया। सिद्धपीठ मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने इस पंजीकरण को रद्द करने और मूल फाइल की बरामदगी की मांग की है। आयुक्त न्यायालय ने अपील को सुनवाई योग्य माना है, अगली सुनवाई 6 नवंबर 2025 को होगी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने इसे कांधला की रामलीला परंपरा की अस्मिता का प्रश्न बताते हुए कहा सत्य की जीत होगी।

# प्रेमिका से मिलने गए युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव पटनिया निवासी 27 वर्षीय आदेश सिंह की मौत रहस्यमय हालात में हो गई। रविवार सुबह उसका शव फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव मनपुरा में एक पेड़ से फंदे पर लटका मिला। आदेश के परिजनों ने आरोप लगाया कि पड़ोसी गांव के कुछ लोगों ने उसे बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला और बाद में हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया।



घटना की सूचना पर फरीदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच, आदेश की पिटाई के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में आदेश जमीन पर बेसुध पड़ा दिखाई दे रहा है और उसकी नाक से खून बह रहा है। वीडियो में कोई व्यक्ति उसे डंडे से मारता नजर आ रहा है।

बताया जा रहा है कि आदेश शनिवार रात गांव कपूरपुर में अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। आदेश के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे का कपूरपुर की एक लड़की से प्रेम संबंध था और लड़की के बुलाने पर ही वह वहां गया था। परिजनों का आरोप है कि लड़की के घरवालों ने उसे पकड़कर बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद घटना को आत्महत्या जैसा दिखाने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया गया। पुलिस का कहना है कि संभावना है कि युवक ने पिटाई के बाद हुई बेइज्जती या डर के कारण खुदकुशी की हो।

# बेटों ने बुजुर्ग माता-पिता से मारपीट कर घर से निकाला

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला शेरनगर में अपने ही बेटों पर बुजुर्ग माता-पिता ने मारपीट और घर से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर पीड़ित दंपती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि चार बेटों में से तीन ने संपत्ति बंटवारा होने के बावजूद किराना कारोबार जबरन बंद कराने की कोशिश की और अपने ही माता पिता के साथ मारपीट की।



पीड़ित दंपती ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

पीड़ित के अनुसार उनके चार पुत्र हैं, शमशुल हक, मिराजुल हक, रियाजुल हक और नूरुल हक। बुजुर्ग दंपती ने सभी पुत्रों की शादी कर दी और अपनी संपत्ति को बराबर-बराबर बांट दिया। वर्तमान में वे छोटे पुत्र मिराजुल हक के साथ रहकर जीवनयापन कर रहे हैं। मिराजुल हक ने करीब 30 वर्ष पहले किराने का कारोबार शुरू किया था, जो अब तक वह ही चला रहा है। आरोप है कि अन्य तीन पुत्र शमशुल हक, रियाजुल हक और नूरुल हक गुंडई के बल पर मिराजुल हक का किराना कारोबार जबरन बंद कराना चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने माता-पिता को घर से बेदखल कर दिया और बेरहमी से मारपीट की। पीड़ितों ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की है।

# देवी मन्दिर से तहसील चौराहे को जाने वाली सड़क निर्माण कार्य का पुष्प देवी ने किया शिलान्यास

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नम्बर -23 के क्षेत्र रेलवे रोड़ के तिराहे पर देवी मन्दिर के पास जूस की दुकान से फ्री गंज रोड कचहरी के सामने से होते हुए तहसील चौराहे को जाने वाले जर्जर हो चुकी सड़क का 39 लाख 91 हजार रुपए की लागत से बोर्ड बैठक में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने वार्ड सभासद आदित्य सूद की उपस्थिति में फीता काट व नारियल फोड़ते हुए शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान स्थानीय लोगों के चेहरे पर साफ साफ खुशी दिखाई दे रही थी और सभासद आदित्य सूद ने स्थानीय लोगों का मिठाई खिलाकर खुशी जताई।



नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान हापुड़ के चहुंमुखी विकास के लिए जो वादे किए थे। उस वादे के अनुसार आज रेलवे रोड़ के देवी मन्दिर के पास से तहसील चौराहे को जाने वाली जर्जर हो चुकी सड़क निर्माण कार्य का हॉटमिक्स (तार कोल) का शिलान्यास किया गया है। इस रोड से लोगों को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। क्योंकि यहां की सड़क ज्यादा खराब हो चुकी थी। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जाएगी, जिससे क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। मेरा उद्देश्य हर वार्ड के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं की पूर्ति कराना प्राथमिक उद्देश्य है। शिलान्यास के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी के पति श्रीपाल सिंह ठेकेदार, सभासद आदित्य सूद, योगेंद्र पंडित, महेश टायर वाले सभासद बिरजेश उर्फ बीरजू, अखिलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सूरज कुमार कर्दम सागर व नगर पालिका कर्मचारीयों के साथ साथ स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बेकाबू ट्रक ने बुजुर्ग को रौंदा मौके पर हुई मौत



**त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र त्रिलोकपुर के मन्नीजोत चौराहे पर रविवार को दोपहर करीब 12 बजे एक बेकाबू ट्रक ने साइकिल सवार बुजुर्ग को कुचल दिया, जिसमें बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक सहित चालक को पकड़ कर पुलिस त्रिलोकपुर थाने ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मंगराव गांव निवासी राम चरन विश्वकर्मा (70) रविवार को साइकिल से त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मन्नीजोत चौराहे पर दवा लेने गये थे। दवा लेकर जैसे ही साइकिल से शाहपुर सिंगारजोत मुख्य मार्ग पर चढ़ने ही वाले थे कि सामने से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने रौंदा दिया, जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर मौजूद लोगों ने दौड़ा कर ट्रक को चालक सहित पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पुलिस पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र बधुओं के साथ ही पोतों को छोड़ गया जिनका रो रो कर बुरा हाल है इस संबंध मे थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर रामदेव ने बताया कि मृतक की पुत्रवधू माधुरी पत्नी चन्द्रपाल की तहरीर पर केस दर्ज कर शव का पंचायत नामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रक व चालक भी पुलिस के कब्जे में है।

# भक्ति, संगीत और संस्कृति के अद्भुत संगम के साथ ब्रज रज उत्सव कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण की पावन भूमि मथुरा में रविवार को धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड पर ब्रज रज उत्सव 2025 का भव्य शुभारम्भ हुआ। मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी ने फीता काटकर किया ब्रज रज उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चौधरी, विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से विशाल गुब्बारा उड़ाया तथा मंच पर दीप प्रज्वलित किया।

अतिथियों का स्वागत ब्रज की परंपरा के अनुसार फूल-मालाओं, पगड़ी, पटुका और मंगल गीतों से किया गया। अतिथियों ने मेले में लगे विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों और हस्तशिल्प स्टॉलों का अवलोकन किया। ब्रज की लोक कलाओं, गौसेवा, ग्रामीण उत्पादों और चित्रकला से सजे स्टॉलों ने सभी का मन मोह लिया। ढोल, ढप और बीन की लय से पूरा परिसर गूंजता रहा था। स्थानीय कलाकारों की टोलियों ने रसिया गीतों और मुरली वादन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंच के चारों ओर सजी दीपमालाएँ और रंगोलियाँ उत्सव की भव्यता को और बढ़ा रही थीं।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण चौधरी ने उद्बोधन में कहा कि ब्रज के कण-कण में संगीत और राधा-कृष्ण की लीलाएं बसती हैं। यही कारण है कि यहां की रज आज भी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बनी हुई है। दीपावली के बाद उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का यह आयोजित ब्रज रज उत्सव अब उस ऊंचाई पर पहुंच चुका है, जिसके लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विशेष रूप से तीन घंटे का समय दिया और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी भी कई बार इसमें सम्मिलित हो चुके हैं। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक पर्व नहीं, बल्कि ब्रज की आत्मा, संस्कृति और भक्ति का जीवंत उत्सव बन चुका है।

## नृत्यांगना यास्मीन सिंह ने द्य द डिवाइन कृष्णा से रचा भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संसार

शास्त्रीय नृत्य की लय में झलका श्रीकृष्ण का बालपन, रास और माधुर्य।

ब्रज रज उत्सव के पहले दिन दर्शकों को उस क्षण का इंतजार था जब मंच पर क्लासिकल नृत्यांगना यास्मीन सिंह अपनी प्रस्तुति द डिवाइन कृष्णा लेकर आई — और जैसे ही घुंघरुओं की झंकार गूंजी, पूरा पंडाल भक्ति और सौंदर्य के रंग में रंग उठा। यास्मीन सिंह ने शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप से लेकर रासलीला तक की झलकियों को अद्भुत भाव और लय में पिरोया। मंच पर उनकी हर मुद्रा, दृष्टि और भावभंगिमा मानो वृंदावन की गलियों में बिखरे रास रस को सजीव कर रही थी। उन्होंने शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप से लेकर रासलीला तक की झलकियों को सजीव किया। उनकी साथी कलाकारों के साथ हर मुद्राएँ, भाव और नृत्य की लय मानो दर्शकों को वृंदावन के रस, माधुर्य और भक्ति के रंगों में डुबो रही थीं। नृत्य की शुरूआत धीमी गति से हुई — बालकृष्ण की निश्छलता और स्नेह से भरे भावों के साथ। जैसे–जैसे ताल बढ़ी, मंच पर यास्मीन सिंह की ऊर्जा, भाव और संगीत का संगम दर्शकों को एक अलौकिक अनुभूति देता गया।

कार्यक्रम में मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, परिषद के एसीईओ मदन चंद्र दुबे, डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र तथा गीता शोध संस्थान वृंदावन के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम/ मंच का संचालन अनिल चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

# जितना अधिक इच्छाओं का दिया बलिदान- उतने अधिक बढ़े वृद्धाश्रम



डॉ वीना तन्वी
नागपुर महाराष्ट्र

कामख्या पीठ एवम हरिद्वार के आध्यात्मिक गुरु श्री प्रताप सिंह जी, द्वारा एक सुसंदेश ? देती हुई प्रेरणादायक कहानी भेजी गई। जब उस कहानी को पढ़ा तो, मन भावविभोर हो गया। सोचा काश इस कहानी के सभी पात्रों जैसे ही, इस संसार के सभी बच्चे व बड़े हो जाएं तो सच हर कोई इंसान जीतेजी इसी धरा पर ही स्वर्ग की अनुभूति करेगा। हो सकता है कि किसी की समय सीमा समाप्त हो चुकी हो, फिर भी वो इसी स्वर्ग पर जीने की कामना भगवान के समक्ष करेगा। वो कहानी थी ही बहुत सुंदर प्रेरणादायक, कहानी का मुख्य किरदार मात्र एक बच्चा और उसके पिता थे। बच्चा हर बात में पिता के पैसों कि बचत की सोचता कि ये उसके पिता की ईमानदारी की कमाई है। जिसकी कमाई ईमानदारी के चलते चाहे कम ही सही, परंतु है तो ईमानदारी की ही। साथ ही उसके मात-पिता की अपनी इच्छाओं को मार, अपने बच्चे के सुख-सुविधाओं की ओर ही मंडराती नजर आती हुई प्रतित हुई। यदि इस कहानी में दी गई सीख जो कि एक बच्चा सीख दे रहा है कि हमें अपने माता-पिता के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का अनुचित प्रयोग नहीं करना चाहिए। हर कोई यदि यही सोच रख आगे चलने लगे तो वाह क्या कहने। आज के समय में यदि देखा जाए तो लाखों में से मात्र कुछ ही बच्चे होंगे जो श्रवण बन अपने माता-पिता की सेवा करते होंगे। आज की वर्तमान समय में यदि देखा जाए तो कमाई से अधिक जरूरतें किसी परिवार की बढ़ चुकी है इन्हीं जरूरतों को पूरा करते-करते आखिर घर के कमाने वाले जब थक जाते हैं तो वह अपनी ईमानदारी के आगे हार जाते हैं, फिर उन्हें अपनों की खुशी के लिए गलत रास्ता अपनाना ही पड़ता है। अपने परिवार की खुशियों के लिए ना चाह कर भी ऐसे में लोग गलत रास्ते पर चले जाते हैं और अनैतिक तरीके से पैसे कमाने लगते हैं जैसे कि रिश्वत, घूसखोरी, मादक पदार्थों की बिक्री आदि। अनैतिक तरीकों से कमाने के चक्कर में अपने परिवार की खुशियों के लिए पूर्ति करने वाला यह भूल जाता है कि वह जिस अनैतिक तरीके से पैसे कमा रहा है उससे परिवार में तो खुशियां ढेर सारी आ जाएगी परंतु जिसके साथ उसने अनैतिक कार्य किया है जरा उसके ऊपर क्या गुजर रही है यह भी तो सोचिए। मान लीजिए किसी दफ्तर में कोई असहाय अपनी कोई फाइल पास करवाने के लिए धक्के खा रहा होता है सालों साल धक्के खाने के बावजूद भी उसकी फाइल पास नहीं होती है उससे रिश्वत की मांग की जाती है वह जैसे-तैसे जुगाड़ करके पैसे तो दे देता है परंतु वह तो उसकी अंतरात्मा ही जानती है कि उसने कैसे पैसे जमा करके दिए। वह कैसे बंदोबस्त कर पाया मतलब इसका यह हुआ कि आपने अपने घर की खुशियां, अपनों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए किसी की जिंदगी को नर्क बना दिया किसी की फाइल जो की एक ही हस्ताक्षर से पूर्ण हो सकती थी। उसके लिए आपने हजारों या लाखों रुपए रिश्वत में ले लिए सामने वाले की जिंदगी अंधकार मय हो गई वह कर्ज में डूब गया एक घर बसाने के चक्कर में दूसरा घर बर्बाद कर दिया क्या यही मानवता सिखाती है। आज यदि अस्पतालों में भी देखा जाए तो किसी भी अस्पताल में डॉक्टर कितनी मोटी फीस लेने लगे हैं इंसान अपने परिचितों को बचाने के लिए डॉक्टरों के आगे गिड़गिड़ाते नजर आते हैं। क्योंकि ऐसा कौन है जिसे अपने प्रिय नहीं होते हर किसी को अपने प्रिय होते हैं हर कोई अपने, अपनों की खुशी चाहता है परंतु इस तरह दूसरे के घरों को बर्बाद कर कर अपने घर वालों को खुशी देना जायज है क्या ? चलिए अब इस तरफ से ध्यान हटाकर जरा एक नजर हम स्कूलों की तरफ भी डालते हैं। स्कूलों की मोटी-मोटी फीस देखा जाए तो शिक्षा का इतना बड़ा व्यापार बन गया है। कैसे मां-बाप अपनी इच्छाओं को मारकर बच्चों की शिक्षा के प्रति जीजान लगा देते हैं। मां घर का काम भी करती है और कई मां तो ऐसी भी है जो बाहर जाकर भी काम आती है सिर्फ उनकी बच्चों की अच्छी परवरिश और शिक्षा के लिए। आज जब मैंने आध्यात्मिक गुरु प्रताप जी के द्वारा भेजी हुई कहानी को पढ़ा तो उस कहानी के अंतर्गत यह पाया कि एक बच्चे के पिता बहुत ही ईमानदार थे और पूरे पड़ोस में उनकी ईमानदारी का चर्चा था लोग उनके तारीफ के कसीदे कसते थे। तो ऐसे में बच्चे के दिल पर अपने पिता के ईमानदारी की ऐसी छातप छोड़ी की उसे लगने लगा कि मुझे अपने पिता की ईमानदारी की कमाई को व्यर्थ नहीं गवांना चाहता है। उसे यह महसूस हुआ कि मेरी मां नई साड़ी ना लेकर पुरानी साड़ी में ही दिन निकाल रही है और पिताजी भी साधारण सी चप्पल पहन कर काम चला रहे हैं तो मैं कैसे नए कपड़े ले लूं जो कपड़े मेरे 2 से 3 साल चल सकते हैं उसी में ही अपना काम क्यों न चला लूं काश ऐसी सोच हर बच्चे की हो जाए तो आज इस धरा पर ही हर माता-पिता को गर्व होगा अपनी औलाद पर।

परंतु देखा जाए तो यह सब बातें काल्पनिक ही लगती है। वर्तमान के अनुसार यदि बच्चों की तुलना कहानी के पात्र से की जाए तो वह उसके बिल्कुल विपरीत है अनगिनत कपड़े होने के बावजूद भी हमेशा एक ही शिकायत की हमारे पास अच्छे कपड़े नहीं है यह कपड़े तो हमने फलानी पार्टी में पहने थे। तो अब मुझे नए कपड़े लेने हैं। मेरे पास 1 जोड़ी जूते हैं तो मुझे 2 जोड़ी जूते और चाहिए मोबाइल वगैरह-वगैरह ना जाने क्या-क्या ख्वाहिशों की लिस्ट यह अपने माता-पिता के समक्ष रख देते हैं यह नहीं सोचते कि माता-पिता इतना पैसा कहां से लाएंगे अपने आपको कितना खपाएंगे जब इतनी सुविधाएं देने के बावजूद भी वर्तमान के बच्चों को देखा जाए तो वृद्धा आश्रमों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है आखिर क्यों हमारे माता-पिता हम पर सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं यहां तक कि अपनी इच्छाओं को मारते चले जाते हैं। हमारी खुशियों के लिए वह अनैतिक कार्य भी कर लेते हैं जैसे कि मैंने आपको बताया कि रिश्वत वगैरह। तो उन्हीं माता-पिता के साथ अंत मे क्या होता है बताने की वैसे मुझे जरूरत नहीं है सभी को पता है कि आज के समय के अनुसार हर कोई अपने माता-पिता की रोक-टोक से परेशान होते हैं सबको आजादी चाहिए। जबकि माता-पिता हमेशा बच्चे की भलाई के लिए ही उसे रोक-टोक करते या समझाते परंतु आज के समय के बच्चों को दखलअंदाजी पसंद नहीं उनके अपने ही बच्चों के कड़वे अंदाज भरे शब्द मात-पिता के दिल में गहरे घाव कर जाते हैं और अंत में क्या होता है वही मात-पिता जो पूरी तरीके से कुर्बान हो गए जिन्होंने झोलियां फैलाई थी कभी मंदिरों में अपनी औलाद की खुशियों के लिए वही मात-पिता पाए जा रहे हैं आज वृद्ध आश्रम में। वाकई चाहे यह कहानी थी परंतु दिल पर ऐसी अमिट छाप छोड़ी इस कहानी ने काश हर बच्चा इस कहानी के पात्र जैसा बन जाए इन्हीं आशाओं के साथ अपनी कलम को यहीं पर विराम देती हूं। एक आशा इस कहानी को पढ़ अगर सभी श्रवण बन जाए तो वृद्धा आश्रम की बढ़ती संख्या में कमी आ जाए। इस आलेख को क्या नाम दूं सोच नहीं पा रही थी पंद्रह नाम देने के बाद जो एक नाम आया कड़वाहट से भरा, सच्चाई से भरा जो हृदय को भी चीर रहा था। चीख-चीख कर कह रहा था उन मात-पिता की वेदनाओं को कि जितना अधिक हमनें अपनी इच्छाओं का बलिदान दिया बच्चों की खातिर आज उतने अधिक बढ़ रहे तेजी से वृद्धाश्रम।

## सार संक्षेप

### रिठौरा में गुरु गोविंद सिंह जी की गुरु चरण यात्रा का स्वागत



वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** रिठौरा नगर पंचायत की धरती पर शनिवार को सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी की गुरु चरण यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के पहुंचते ही स्थानीय लोग उत्साह से झूम उठे और फूलों की वर्षा कर गुरु महाराज का अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. एमपी आर्य, विधायक नवाबगंज लोकेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि तुष्पेंद्र गंगवार, देवेंद्र सिंह, सत्यवीर सिंह, महेंद्र गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। यात्रा के दौरान कीर्तन और शबद गायन से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस यात्रा में स्थानीय लोगों ने बताया कि यह यात्रा सिख इतिहास और गुरु परंपरा की याद दिलाती है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक सद्भावना बढ़ती है। आयोजकों ने सभी का आभार जताते हुए यात्रा को सफल बताया।

### बालीवाल टूनार्मेंट में युवाओ के आइकन सिमरौली पहुंचे भाजपा नेता प्रिंस पंडित

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के सिमरौली गांव में युवाओ के आइकन भाजपा नेता प्रिंस पंडित ने बाबा क्लब द्वारा आयोजित वाली वाल टूनार्मेंट का फीता काटकर उदघाटन किया।दिन रात्रि के इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश की लगभग 15 टीम भाग ले रही है। जिसमे पहला मुकाबला गाजियाबाद से पिलखुवा के बीच हुआ। जिसमे पिलखुवा ने बाजी मारी प्रिंस पंडित ने कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका होसला बढ़ाते हुए प्रथम पुरस्कार देने की घोषणा क साथ ही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री की खेलों इंडिया नीति को बढ़ावा देने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजना करवाया। प्रतियोगिता में अभी ग्रेटर नोएडा, बाबूगढ़ क्लब, बुलंदशहर, दिल्ली, मुजफ्फरनगर के क्लबों की टीम के मैच होने बाकी है प्रिंस पंडित ने बाबा ग्रुप के अध्यक्ष शिवम शर्मा, मोहन सैनी, मोहित शर्मा, अमन चौधरी, विशाल शर्मा, बद्ध, गोलू आदि का इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता के रूप में धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता में वर्तमान प्रधान महेश चंद पूर्व प्रधान अमरनाथ शर्मा, आशु, अनुज आंनद, राजकुमार आदि उपस्थित रहें।

### मकान का ताला तोड़कर की चोरी

**कांधला।** नगर के मोहल्ला सरवज्ञान में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मोहल्ला खाकरोबान निवासी बबलू राणा की भाभी फरहा, पत्नी वाजिद राणा, का मेरठ में इलाज चल रहा था। इस दौरान 23 अक्टूबर को उनके घर में चोरी की सूचना मिली। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच में पता चला कि चोर सोने-चांदी के आभूषण और लगभग 10,000 रुपये नकद ले गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 04 अपराधी अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 04 शातिर अपराधियों को एक अभिसूचना पर मुंडा खेड़ा नहर व मैना मौजपुर व खुर्जा जेवर मार्ग पर शाहपुर मोड से अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। थाना खुर्जा नगर पर पंजीकृत मुअसं- 999/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे जुबैर पुत्र कमरुद्दीन निवासी ग्राम आसफपुर थाना खुर्जा नगर गौरव पुत्र यादराम निवासी ग्राम भूतगढी थाना खुर्जा नगर मनीष पुत्र मुकेश निवासी ग्राम भूतगढी अमित उर्फ जस्सी पुत्र ओमवीर सिंह निवासी ग्राम भूतगढी सभी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 1003/25 व मुअसं-1004/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्तगणों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## नगर निगम ने आठ दिनों में ऐतिहासिक मेहनत कर घाटों की कराई सिल्ट सफाई

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** डाला छठ एवं देव दीपावली पर्व के दृष्टिगत नगर निगम वाराणसी द्वारा सभी 84 घाटों की सफाई का कार्य पूर्ण करा दिया गया,इस हेतु नगर निगम वाराणसी द्वारा 25 ठेकेदारों को काम पर लगाया गया था जिसके 500 से अधिक कर्मचारी सफाई का कार्य कर रहे थे नगर निगम ने 3 पोकलेन 10 जेसीबी, 150 पम्प लगाकर सिल्ट सफाई का कार्य कराया गया। सभी घाटों पर लाइट का कार्य करा दिया गया है साथ ही घाटों पर सजावट कराई गई है नगर निगम के 700 सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

विगत आठ दिनों में नगर निगम से महापौर अशोक कुमार तिवारी,नगर आयुक्त अक्षत वर्मा,अपर नगर आयुक्त सविता यादव,विनोद कुमार गुप्ता सहित नगर निगम के सैकड़ो अधिकारी कर्मचारी प्रतिदिन घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखें।

## सैकड़ो लोगों ने ली राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी जिप सदस्य के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। जिप सदस्य अरविंद पंवार के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर बताया कि लोकदल सदैव किसान और मजदूर के हित में कार्य करते वाली पार्टी रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन ने कहा कि जनपद में राष्ट्रीय लोकदल द्वारा एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है, जिसके लिए कार्यकर्ता घर घर जाकर संपर्क कर रहे है। जिप सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशों पर पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार सर्व समाज के लोगों से संपर्क कर उनको पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है।

## कोतवाली बागेश्वर में हुआ थाना दिवस का आयोजन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर जनपद पुलिस द्वारा समय-समय पर थाना दिवस का आयोजन कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया जाता है। जिससे उनकी समस्याओं, सुझावों एवं शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

वही कोतवाली बागेश्वर के प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय की अध्यक्षता में जन संवाद हेतु थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय वरिष्ठ नागरिको ,व्यापार मंडल के सदस्यों, युवा वर्ग एवं सीएलजी समिति के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। आपसी वातार्लाप के दौरान नागरिकों द्वारा स्थानीय यातायात व्यवस्था, सुरक्षा से जुड़े मुद्दे तथा जनसुविधाओं से संबंधित सुझाव साझा किए गए ।

नागरिकों को कोतवाल अनिल उपाध्याय ने विश्वास दिलाया कि पुलिस प्रशासन नागरिकों को उचित सुरक्षा व्यवस्था देने सहित वरिस्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करने हेतु तत्पर है। साथ ही किसी भी प्रकार से किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे या प्रलोभन में नही आने और बिना पुष्टि के किसी भी सायबर फ्राड से बचने हेतु सतर्कता बरतने की अपील की।इस दौरान मौजूद लोगों ने कोतवाली पुलिस को बेहतर कानून व्यवस्था बनाने हेतु हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक खष्टी बिष्ट, नागरिक इंद्र सिंह परिहार, नगर व्यपार मंडल से योगेश पूना,वरिस्ठ व्यवसायी नवीन लाल साह, हरीश साह, बालादत्त तिवारी,किशन सोनी, कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक और अवर उपनिरीक्षक और जय प्रसाद, आदि मौजूद थे।

## आदर्श शिक्षिका के जीवन दर्शन को जीवट रूप में प्रस्तुत प्रस्तुत करता है झंझावात



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल गरुड़ की दिवंगत शिक्षिका व स्वतंत्र लेखक हरीश जोशी की धर्मपत्नी मंजू जोशी की स्मृति में झंझावात पुस्तक का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि झंझावात पुस्तक आदर्श शिक्षिका स्व. मंजू जोशी के जीवन दर्शन को जीवट रूप में प्रस्तुत करता है।

स्वतंत्र लेखक हरीश जोशी के कुशल संपादन में प्रकाशित पुस्तक झंझावात का लोकार्पण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि मंजू जोशी एक आदर्श शिक्षिका के साथ ही सामाजिक सरोकारों से जुड़ी थी। उनकी मृत्यु के बाद उनके पति हरीश जोशी के अंतर्मन में जो द्वंद था, वहीं पुस्तक के रूप में बाहर आया है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक ललित फर्सवाण ने कहा कि मंजू जोशी सरल, सहज स्वभाव की एक संवेदनशील आदर्श शिक्षिका थी। उनका विराट व्यक्तित्व हमेशा बच्चों को प्रेरणा देता रहेगा। लेखक हरीश जोशी ने अपने अनुभव साझा किए।

आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल ने जीवन दर्शन पर व्याख्यान दिया और साहित्यकार रतन सिंह किरमोलिया ने उसकी मीमांसा की। इतिहासकार डा. निर्मल जोशी ने झंझावात को समाज व परिवार के रिश्तों को मजबूत करने वाली पुस्तक बताया।

इस दौरान नपं अध्यक्ष भावना वर्मा, साहित्यकार मोहन जोशी, जीवन चंद्र जोशी, हर्षित सुयाल, आरआर आर्या, पूर्व बीईओ जीवन चंद्र दुबे, नंदन अल्मिया, घनश्याम जोशी, सुनील दोसाद, भुवन पाठक, अनुराग जोशी, अचला जोशी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने किया भैंस चोरी घटना का खुलासा तीन शातिर चोर गिरफ्तार




वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और प्रभावी कार्यवाही का परिचय देते हुए भैंस चोरी की घटना का खुलासा कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई भैंस, दो अवैध चाकू और चोरी में इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी बरामद की है।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजगार्डन निवासी नूरदीन पुत्र सुबराती की भैंस अज्ञात चोरों ने चुरा ली थी। इस मामले में थाना कांधला में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई कर अभियुक्तों को पकड़ने के निर्देश दिए थे।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश शुरू की। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने तीन बदमाशों को चोरी की भैंस और पिकअप गाड़ी सहित दबोच लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने नाम हासिम पुत्र शहीद कुरैशी मोहल्ला शेखजादगान, सलमान पुत्र इलियान मोहल्ला खेल, और सूफियान पुत्र नवाब ग्राम गुजरान बलवा बताए। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी की भैंस, दो अवैध चाकू और चोरी में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी बरामद की गई है। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## गोलज्यू मंदिर में किया सुंदरकांड का संगीतमय पाठ



वेलकम इंडिया

**गरुड़।** तहसील के मटेना ग्राम पंचायत स्थित गोलज्यू देवता मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस मौके पर भक्तों ने भजन कीर्तन गाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया।

गोलज्यू मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की और गांव व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। भक्तों ने एक से बढ़कर एक भजन गाए। आरती उतारी और प्रसाद वितरित किया।

इस दौरान मुख्य पुजारी हेम चंद्र पांडे, कैलाश पांडे, अनिल पांडे, भाष्कर पांडे, नवीन चंद्र, सुरेश चंद्र, ललित मोहन, प्रकाश पांडे, गणेश दत्त, विनोद पांडे, शंकर दत्त, गिरीश चंद्र, पप्पू पांडे आदि मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

वेलकम इंडिया



**झांसी।** आज झाँसी सिविल लाइन मंडल के, वार्ड नंबर 51 के बूथ नंबर 269 पर व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक श्री मनमोहन गेड़ा जी के मुख्य आतिथ्य में रजनी गुप्ता, जिलासंयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ के आवास पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 127वें संस्करण ₹मन की बात₹ कार्यक्रम को सुनील कुमार झा वार्ड नंबर 44 के भूत अध्यक्ष, राजकुमार साहू, शिवा यादव कमल सभरवाल दीक्षा सिराथिया रामपाल सिंह संजय रूमा खान प्रवीण माथुर नरेंद्र और प्रवीण रैकवार के साथ पार्टी के अन्य पदाधिकारी, वार्डअध्यक्ष, बूथअध्यक्ष, व्यापारीगण, समाजसेवी एवं पार्टी के देवतुल्य कार्यकताओं के साथ सुना। हमेशा की तरह नई जानकारी और नई प्रेरणाओं के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी के विचार सुनना अद्भुत अनुभव रहा। कार्यक्रम के पश्चात, स्वदेशी अपनाओ अभियान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में राजकुमार साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## छात्रों को दी साइबर अपराधों से बचने की जानकारी

**कांधला।** दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों को उत्तर प्रदेश पुलिस के डायरेक्टर जनरल द्वारा आयोजित एक सेमिनार में आमंत्रित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने की। सेमिनार में साइबर क्राइम विशेषज्ञों ने छात्रों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, जैसे साइबर ठगी और हनी ट्रैप, से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने यह भी समझाया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा मोबाइल की लत से कैसे प्रभावित हो रहे हैं और इससे मुक्त होने के उपाय क्या हैं।स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। प्रधानाचार्य श्री अजय कुमार ने छात्रों से अपील की कि वे अपना अधिक समय किताबों के साथ बिताएं, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी होगा।

# प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के संबंध में बैठक की

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने *लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को समर्पित विकसित भारत पदयात्रा पहल से संबंधित विषयों पर मा0 जिला अध्यक्ष भाजपा नीतू सिंह, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान की उपस्थिति में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर जिला प्रभारी भाजपा अजय सिंह गौतम, अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले सरदार@150 एक भारत-आत्मनिर्भर भारत अभियान के सम्बन्ध में सरकार की मंशा के अनुसार जानकारी देते हुए बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 के अवसर पर जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में पद-यात्रा का आयोजन किया जाएगा और इसके साथ स्वच्छता अभियान, सरदार पटेल की विरासत पर सेमिनार व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाएंगी।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित की जाने वाली पद-यात्राओं से संबंधित की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पदयात्रा के दौरान ट्रैफिक जाम आदि की समस्या न हो, इसे पहले से ही सुनिश्चित कर लिया जाए। पदयात्रा में शामिल होने वाले युवाओं, छात्रों व अन्य प्रतिभागियों की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की तैयारी पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए। 10 किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान बीच में स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था रखी जाए। स्वच्छ पेयजल, मोबाइल शौचालय व एंबुलेंस की भी व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। मंत्री ने कहा कि पदयात्रा में विशेष रूप से युवाओं, एनसीसी व विद्यालयों के बच्चों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए, राष्ट्रीय एकता व समरसता का भाव ही पदयात्रा का उद्देश्य है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए जिससे पदयात्रा को देखकर आम जनमानस में प्रसन्नता का भाव आवे तथा युवा शक्ति की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका हो, यही पदयात्रा का उद्देश्य है।

## दो गल्ला व्यापारियों का धान चोरी आक्रोशित व्यापारियों ने थाने पर पहुंचकर दी पुलिस को तहरीर

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर** । शनिवार की रात्रि में अज्ञात बदमाश नवीन अनाज मंडी में तमाम सुरक्षा व्यवस्था को धता बता कर दो गल्ला व्यापारियों का बीस बोरी धान चुरा ले गए। सुबह जानकारी मिलने पर मंडी के व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया। व्यापारियों ने थाने पर पहुंचकर पुलिस को चोरी की लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर चोरी का खुलासा करने की मांग की। थाना प्रभारी ने व्यापारियों को जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया। नवीन अनाज मंडी में शनिवार की रात में अज्ञात बदमाश पवन कुमार पुत्र स्व लीला सिंह की पवन ट्रेडर्स दुकान नं एक से नौ बोरी धान तथा बिजेंद्र सिंह निवासी ईलना की दुकान से चौदह बोरी धान चुरा ले गए। बदमाशों ने दोनों दुकानों से लगभग बीस कुंटल धान की चोरी की है। जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। अनाज मंडी अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने और चोरी का शीध्र खुलासा करने की मांग की। थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने शीध्र खुलासा करने का आश्वासन दिया।

# मुनिश्री ने दिया मंगल आशीष...कवयित्री ने की दया भावना फाउण्डेशन के कार्यों की प्रशंसा



**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** महानगर के मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 से आगे निमार्णाधीन भगवान महावीर महातीर्थ में विराजमान मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज के दर्शन करने पधारी अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ अनामिका जैन अम्बर ने मुनिश्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर कवयित्री ने मुनिश्री की प्रेरणा से संचालित दया भावना फाउण्डेशन के द्वारा हो रहे जीव रक्षा के कार्यों की सराहना करते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर अमृत पावन वषायोग समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, स्वागताध्यक्ष अंकित सर्राफ, महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ, संयोजक प्रदीप जैन वर्धमान, प्यावल तीर्थ मंत्री खुशाल जैन, जिनेन्द्र जैन गुरसरांय, संकेत जैन, श्रीमति राखी जैन ने कवयित्री अनामिका जैन अम्बर, कवि पंकज 'अंगार' एवं साथी कवियों का तिलक मल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके पूर्व ललितपुर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन अंचल का सम्मान भगवान महावीर लोक कल्याण समिति के मंत्री सुरेन्द्र जैन बक्सा, अतुल जैन बंटी, अशोक जैन रतनसेल्स, करगुंवा तीर्थ मंत्री संजय सिंघई, चातुर्मास समिति के वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र जैन एलआईसी, संयोजक अमीष बड़जात्या, शुभम जैन जैरी, देवेश जैन केडी, एंजि. हुकुमचंद जैन ने किया। संचालन अमृत पावन वषायोग समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार स्वागताध्यक्ष अंकित सर्राफ ने व्यक्त किया।

# पुलिस ने अवैध शराब बनाने में वांछित को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थाना धनघटा प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे, उ0नि0 विनोद कुमार यादव, उ0नि0 लालबिहारी निषाद, का0 विनय सिंह, का0 महेन्द्र निषाद व का0 अनिल प्रसाद ने अवैध शराब निर्माण, बिक्री व परिवहन के सम्बन्ध में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत मु0अ0सं0 540/25 धारा 274 बीएनएस व धारा 60(1), 60(2) आबकारी अधिनियम में वांछित अभियुक्त लालकेश उर्फ केसे पुत्र स्व0 चौथी निवासी तुर्कवलिया नायक को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। दिनाँक 22.10.2025 को थाना धनघटा पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री व परिवहन के सम्बन्ध में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धनघटा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ग्राम भिखारीपुर के घाघरा नदी माझा क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वाले कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया था, जिसमें 10 कुंतल अवैध लहन को नष्ट करते हुए 67 ली0 अवैध देशी कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया था, घटना में 03 अभियुक्त वांछित थे ।

# पुलिस ने अवैध देशी तंमचा व जिन्दा कारतूस के साथ 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय के नेतृत्व में उ0नि0 ललितकान्त यादव, का0 अंकित पटेल, का0 सूर्यनरायन गुप्ता, का0 रितेश कुमार यादव ने 02 अभियुक्तों अमन पुत्र ठाकुर निवासी कुरसूरी, मुकीम पुत्र वकील निवासी कुरसूरी को कलान मोड़ कुरसूरी के पास से 02 अदद अवैध देशी तंमचा .315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 396/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**संतकबीरनगर।** भाजपा के कार्यकताओं ने मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव के नेतृत्व में सेमरियावा में बूथ संख्या- 62 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कन्हैयालाल यादव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिये पार्टी के कार्यकर्ता लगे हुए हैं। पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम पुरुषोत्तम गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री अनवर अहमद, गोविन्द जयसवाल, मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एजाज अहमद, बूथ प्रमुख राजकुमार कनौजिया, अशोक कुमार, भोला, धर्मेंद्र कुमार, कन्हैयालाल, अर्जुन प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, सुखारी आदि लोग शामिल रहे।

# नरगोली की टीम बनी चैंपियन



**कांडा।** पंकज डसीला, नव युवक मंगल दल नरगोली के तत्वावधान में दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन। नरगोली की टीम बनी विजेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने विजेता दल को सौंपी ट्राफी यहां बतौर विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि के रूप में शिरकत कर एक लाख की धनराशि मंच सौन्दर्य करण, रवि रावत क्षेत्र पंचायत सदस्य बनैगांव रावतसेरा ने साज-सज्जा के लिए 50 हजार की घोषणा की हैं। मैन ऑफ द सीरीज निखिल थापा मैन ऑफ द मैच रोहित देव बेस्ट डिफेंडर गिरीराज रौतेला, बेस्ट लिफ्टर हर्षित उप्रेती, बेस्ट अटैक शौरभ विश्वकर्मा, रैफरी विजय लोबियाल, अभिषेक विश्वकर्मा स्कोरर तोषित रौतेला। इस मौके पर चंद्रशेखर रौतेला, मनमोहन भौर्याल सतीश उप्रेती अनिल रौतेला राजेन्द्र खाती गोविंद रौतेला, राजेन्द्र राम, विष्णु रौतेला, अमन राठौर, मनोज रौतेला, भरत रावत, मनमोहन सिंह रावत, नव युवक मंगल दल अध्यक्ष गिरीराज रौतेला गोलू ने सभी के सहयोग के लिए आभार जताया।

# कुश्ती दंगल में पहुंचे पूर्व मंत्री बृजभूषण सिंह



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** खुर्जा तहसील क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में चल रहे कुश्ती दंगल में शिरकत करने पहुंचे पूर्व मंत्री शहीद नरेंद्र सिंह आईपीएस की स्मृति में 18 वां विशाल दंगल का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बृजभूषण सिंह।

दंगल में पूरे देश के कई नामचिन पहलवान हुए शामिल, लाखों रुपए की दाव लगाकर चल रहा था कुश्ती दंगल।अखाड़े के प्रथम विजेता पहलवान को मिलेगी बुलेट और 1 लाख 11 हजार, द्वितीय को 1 लाख 51 हजार और तृतीय को 71 हजार का नगद पुरस्कार।

कुश्ती दंगल को देखने पहुंचे हजारों स्थानीय लोग और आसपास के जनपदों के दर्शक। राजेंद्र सिंह पहलवान द्वारा दंगल कुश्ती का आयोजन कराया गया।

## अगहनी जुमें की नामाज की तैयारी को लेकर

# बुनकर बिरादराना तंजीम बायींसी के सरदार हाजी मोइनुद्दीन उर्फ कल्लू हफीजी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** मोहल्ला काजिसादुल्लापूरा स्थित बुनकर बिरादराना तंजीम बायिसी के पूर्व सरदार स्व0 हाजी अब्दुल कलाम के आवास पर सालाना होने वाली अगहनी जुमें की नमाज की तैयारी को लेकर बुनकर बिरादराना तंजीम बायींसी के सरदार हाजी मोइनुद्दीन उर्फ कल्लू हफीजी की अध्यक्षता में 26 अक्टूबर रविवार को पुरे काबीना के सदस्यों सहित कई मोहल्लों से आए सम्मानित लोगों के साथ एक अहम बैठक हुयीं बैठक में बाईसी तंजीम के सरदार हाजी मोइनुद्दीन उर्फ कल्लू हाफीजी ने बताया की सदियो पुरानी अगहनी जुमे की नमाज की जो ये पारम्परा है उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए आज कबीना के सभी सदस्यों ने और दीगर कई मोहल्लों से आए सम्मानित लोगों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से ये तय किया है की इस साल अगहनी जुमे की नमाज 14 नवम्बर 2025 शुक्रवार को पूरानापुल पुल्कोहना ईदगाह मे अदा की जायेगी।

परंपरा के अनुसार अगहनी जूमे के नमाज के बाद दुआखानी की जायेगी जिसमे मुल्क की तरक्की के लिए आपस में भाईचारगी बनी रहे उसके लिए दुआ की जाएगी और आज इस मीटिंग में सरदार साहब ने कहा कि बनारस की सभी तंजिमों ने शादी में फिजूल खर्ची को रोकने के लिए जो नियम कानून बनाए थे जिसको बनारस की बुनकर समाज ने अपनाया और अमल की जिसकी वजह से फिजूल खर्ची में काफी कमी आई इसके लिए पूरे समाज का शुक्रिया अदा करते है और उनको बाईसी तंजीम की तरफ से मुबारकबाद देते है शादी को लेकर बनारस के सभी तंजिमों ने जो नियम कानून बनाए है वो कानून मुसलसल जारी रहेंगे।

इस मौके पर सरदार साहब ने सभी बुनकर भाइयो से अपील की कि अगहनी जुमे की नमाज में सभी बुनकर भाई अपना अपना कारोबार (मुर्री) बन्द कर नमाज अदा कर दुआखानी में सामिल हो। मीटिंग में शामिल हाजी बाबू, गुलाम मो0 उर्फ दरोगा, अफरोज अंसारी, पार्षद हाजी ओकास अंसारी, हाजी यासीन माइको, गुलशन अली पार्षद, मौलाना जहिर अहमद, हाफिज हाजी नसीर, डाक्टर इम्तियाजुदिन, पार्षद शमीम अंसारी, हाजी महबूब अली, बाबू लाल किंग, हाजी तुफैल, हाजी इस्तियाक, मौलाना शकील अहमद, हाजी गुलाब, हाजी मतिउल्लाह, हाजी मोइनुद्दीन छोटाक, मो0 हारून, हाजी मो0 स्वालेह, हाजी मुमताज, हाजी नईम, हाजी इमरान, हाजी जावेद, हाजी मुस्ताक, हाजी साबिर, हाफिज अब्दुल रहमान, बाऊ महतो, हाजी नेसार, हाजी तरीम सहित काबीना के सभी सदस्यगण मौजूद थे।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन द्वारा राजातालाब एवं हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन का किया गया औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन द्वारा 26 अक्टूबर रविवार को मंडल के राजातालाब एवं हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता के साथ-साथ केन्द्रीकृत स्टेशन पैनल, वीडर काउन्टर, रिले रूम, संरक्षा उपकरणों यथा लॉक एण्ड ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, एक्सल काउंटर इत्यादि को देखा गया इसके अलावा स्टेशन अभिलेखों यथा विफलता रजिस्टर, अनुरक्षण रजिस्टर, रिले रूम चाभी हस्तांतरण रजिस्टर, पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग रजिस्टर, स्टेशन वर्किंग रूल इत्यादि की जाँच की प्लेटफार्म सहित अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने राजातालाब स्टेशन यार्ड में लूप लाइन संख्या एक के ळफफ(र) वर्क के दौरान रेलवे ट्रैक के बदलाव एवं रेल वेल्डिंग का निरीक्षण किया साथ वेल्डिंग की गुणवत्ता तथा रेलवे ट्रैक की मानक दूरी की जांच भी की।

मंडल रेल प्रबंधक द्वारा हरदत्तपुर रेलवे स्टेशन के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता के साथ-साथ केन्द्रीकृत स्टेशन पैनल, वीडर काउन्टर, रिले रूम, संरक्षा उपकरणों यथा ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, एक्सल काउंटर, डाटा लॉगर इत्यादि को देखा गयो इसके अलावा स्टेशन अभिलेखों यथा विफलता रजिस्टर, अनुरक्षण रजिस्टर, रिले रूम चाभी हस्तांतरण रजिस्टर, पॉइंट्स एण्ड क्रासिंग रजिस्टर, स्टेशन वर्किंग रूल इत्यादि की जाँच की साथ ही प्लेटफार्म सहित अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण कर स्टेशन पर उपकरणों के यथोचित रख-रखाव एवं साफ-सफाई के सम्बंध में निर्देश दिया।

# पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने छठ पर्व के दृष्टिगत गंगा घाटों का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी वाराणसी सतेन्द्र कुमार द्वारा 26 अक्टूबर रविवार को छठ पर्व के दृष्टिगत गंगा घाटों का व्यापक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया उन्होंने नमो घाट, अस्सी घाट से रविदास घाट तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कियो संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की तथा श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम यातायात हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके तहत गंगा घाटों पर एनडीआरएफ, जल पुलिस, पीएसी व गोताखोरों की तैनाती की गई है महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी तथा एण्टीरोमियो टीमें भी सक्रिय रहेंगी गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए वाटर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है, घाटों पर ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। सुगम यातायात के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान, नो-एण्ट्री व अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है पुलिस आयुक्त ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को संवेदनशीलता, सहयोग और सेवा भाव के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी वाराणसी सत्येन्द्र कुमार, पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन सरवणन टी., एडीएम सिटी, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अंशुमान मिश्रा सहित सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी व अन्य पुलिस बल उपस्थित रहे।

# मामले ने पकड़ा तूल: अवैध ओयो होटल संचालन पर मैदान में उतरे भाकियू संगठन

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** भाकियू संगठनों ने लामबंद होकर जिस्मफरोशी का धंधा बंद कर अवैध होटलों के सील करने की मांग उठाई है। रविवार को भारतीय किसान यूनियन (संपूर्ण भारत) प्रदेश अध्यक्ष पवन तेवतिया के नेतृत्व में अनेक लोग गुलावठी कोतवाली पहुंचे और दो दिवस में 28 अक्टूबर तक अल्टीमेटम देकर डीएम को संबोधित ज्ञापन इंस्पेक्टर हेम सिंह को सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र के सभी अवैध ओयो होटलों पर कार्रवाई न होने पर गुलावठी कोतवाली का घेराव करने और प्रशासन का पुतला फूंकने की चेतावनी लिखी है। कई संगठन इस मामले को लेकर लामबंद हो गए हैं। भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के राष्ट्रीय महासचिव (युवा) जकी गौहरी ने कहा है प्रशासन तत्काल क्षेत्र के सभी होटलों को बंद करे। इससे युवाओं का भविष्य और क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।

भारतीय किसान संगठन के प्रदेश महासचिव फरमान कुरैशी ने जिस्मफरोशी और देह व्यापार जैसे अनैतिक कार्यों की निंदा करते हुए भाकियू (संपूर्ण भारत) का समर्थन करते हुए कार्यकताओं समेत आंदोलन में शामिल होने का दावा किया है। भाकियू नेता पवन तेवतिया का कहना है क्षेत्र का माहौल घृणित नहीं होने देंगे। बीते शनिवार को नगर के सिकंदराबाद रोड स्थित वीरू गेस्ट हाउस पर पुलिस ने छापा मारा। मौके से एक छात्रा को स्कूल यूनिफॉर्म में किसी युवक के साथ पकड़े जाने की नगर में चर्चा है।

पुलिस होटल संचालक को भी हिरासत में थाने लायी थी। पुलिस ने होटल से हिरासत में लिए गए लोगों को थाना गुलावठी से शांति भंग में चालान कर दिया।

हालांकि इस मामले पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि सभी होटल संचालकों को पहले ही अनैतिक कार्य बंद कर नियम अनुसार सराय संचालन करने का नोटिस दे चुकी है। कोतवाली में ज्ञापन देने वालों में पवन तेवतिया, जकी गौहरी, फरमान कुरैशी, राकेश तेवतिया, आसिफ सैफी, फैसल चौधरी, जिशान, समीर आदि शामिल रहे।

## क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद द्वारा थाना चोला का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया

**सिकंदराबाद/बुलंदशहर।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस कार्यप्रणाली को सुदृढ़ एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद भास्कर कुमार मिश्रा द्वारा थाना चोला का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा गार्द की सलामी ली गई तथा तत्पश्चात थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों – शस्त्रागार, मालखाना, कार्यालय, मैस, आवासीय परिसर एवं पुलिस बैरक आदि का निरीक्षण किया गया।

# एमएलसी प्रत्याशी विक्रांत त्यागी ने मोदीनगर में एमएलसी चुनाव को लेकर की मीटिंग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शहर कांग्रेस कमेटी मोदीनगर के अध्यक्ष बृजेश सेन के द्वारा मोदीनगर एक्शन होटल में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी प्रत्याशी विक्रांत वशिष्ठ त्यागी ने कांग्रेसी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एमएलसी स्नातक के चुनाव में अधिक से अधिक वोट बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया की लोकतंत्र में वोटो की संख्या ही चुनाव में पार्टी के कार्यकताओं की सजकता को प्रदर्शित करती है चुनाव जीतने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को विक्रांत त्यागी बनकर कार्य करना चाहिए। स्नातक एमएलसी चुनाव में यदि जीत मिलती है तो यह कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत होगी। एमएलसी प्रत्याशी विक्रांत त्यागी के समक्ष शांति सिंह, सुभाष कुमार और भारतीय जनता पार्टी छोड़कर अनिल त्यागी गाजियाबाद निवासी ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के साथ चलकर कार्य करेंगे पंडित सुनील शर्मा और शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सैन एमएलसी प्रत्याशी विक्रांत त्यागी को आश्वस्त किया कि मोदीनगर कांग्रेस कमेटी अधिक से अधिक संख्या में वोट बनवाकर मोदीनगर से कांग्रेस पार्टी को जीतने का कार्य करेंगे । इस अवसर पर पंडित सुनील शर्मा पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश, कल्पना सिंह शहर अध्यक्ष मोदीनगर महिला मोर्चा, चांद वीर चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर, साजिद खान ब्लॉक अध्यक्ष गोविंदपुरी, डॉक्टर फरमान अध्यक्ष अग्रसेन मंडल, नरेंद्र चौधरी अध्यक्ष महर्षि दयानंद मंडल बब्बू चौहान अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह मंडल, वेद प्रकाश कोरी अध्यक्ष वार्ड 26, प्रवीण कुमार शर्मा अध्यक्ष वार्ड 24, राजेश कुमार अध्यक्ष वार्ड 21, हिमांशु सोनी अध्यक्ष वार्ड 17, जगपाल सिंह अध्यक्ष वार्ड 5, अमजद इंद्रेशी शहर अध्यक्ष मोदीनगर अल्पसंख्यक विभाग, अभिषेक त्यागी गाजियाबाद, पंडित सुरेश दोसा, चतरे जाटव, श्रीओम शर्मा, भिखारी लाल कश्यप, फकीरचंद कश्यप, विशाल कौशिक, आकाश तंवर, जहूर खान, अनीता शर्मा और समसा आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू (सर छोटू राम) ने संगठन का विस्तार किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम द्वारा स्टार इंडिया शूटिंग अकादमी मनौटा मोदीनगर मैं एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी व राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख ने नियुक्ति पत्र देते हुए भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें अक्षय कान्त श्रोत्रिया को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। अंकुर नेहरा को शहर मोदीनगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया। दिनेश चौधरी को तहसील मोदीनगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया और सोनपाल नेहरा को ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर ब्लॉक नियुक्त किया गया। सभा की अध्यक्षता ओमवीर सिंह ने की और संचालन विराट सांगवान ने किया। चेतन सिंह, रीतिपाल चौधरी, सुशील दहिया, गुरपाल सरदार, देव त्यागी, श्री अनुभव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# साइक्लोथान-2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी:–** विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा व जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा साइक्लोथान- 2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गयो जिला प्रशासन वाराणसी की ओर से सांसद खेल प्रतियोगिता काशी-2025 का आयोजन उदय प्रताप कॉलेज में आयोजित हो रही प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक या इससे कम उम्र के बच्चों ने हिस्सा लियो यह प्रतियोगिता यूपी कॉलेज खेल मैदान से शुरू होकर भोजूबीर, अर्दली बाजार, पुलिस लाइन चौराहे से मकबूल आलम रोड, चौकाघाट होते हुए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर समाप्त । मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी, यूपी कालेज के प्रधानाचार्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अहसान हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर में 10 दिन पहले हुई अहसान की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए अहसान को गोली मारी थी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया तमंचा भी बरामद कर लिया है।

यह घटना 16 अक्टूबर को विश्वकर्मा कॉलोनी में हुई थी। अहसान, जो किन्नरों के लिए कार चलाता था, अपने मकान की सफाई करने आया था। उसे दस मीटर तक दौड़ाकर बीच रास्ते में सिर में चार गोलियां मारी गई थीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों जावेद उर्फ मेजर और सुहैल ने बताया कि 1 मार्च को अहसान ने बधाई विवाद में किन्नर निशा के साथ मिलकर उनके भाई अलबक्श की हत्या की थी। अहसान जमानत पर बाहर आया था और आरोपी तभी से उसकी हत्या की फिराक में थे। मौका मिलते ही उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पत्नी फरजाना ने इस मामले में सुहैल, मेजर, सादिम, राशिद (मछरी गांव), पूजा किन्नर, मोमीन (नोएडा) और एक अज्ञात आबिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की गई थीं। सहायक पुलिस आयुक्त अमित सक्सेना ने बताया कि रविवार शाम को तिबड़ा पुलिया के पास से सूचना के आधार पर इन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी जावेद उर्फ मेजर और सुहैल मछरी गांव, थाना भोजपुर के निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। पुलिस फरार चल रहे चार अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# गंगाजल की मांग पर भड़का खोड़ा, घंटों जाम में फंसे लोग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खोड़ा में गंगाजल की सप्लाई को लेकर लोगों का गुस्सा रविवार को सड़कों पर फूट पड़ा। प्रधानमंत्री कार्यालय तक रैली निकालने से प्रशासन द्वारा रोक दिए जाने के बाद आक्रोशित स्थानीय लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए। देखते ही देखते पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई और कई घंटे तक लंबा जाम लग गया। वाहन चालकों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा।

खोड़ा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (केआरके) के तत्वावधान में रविवार को यह रैली प्रधानमंत्री कार्यालय तक निकाली जानी थी। संगठन के पदाधिकारियों ने लंबे समय से इसके लिए तैयारी कर रखी थी और घर-घर जाकर लोगों से शामिल होने की अपील की थी। योजना के अनुसार रैली की शुरूआत प्रताप विहार के पुराने ट्रांसफार्मर से होनी थी, जो चमेली देवी पब्लिक स्कूल, कला एन्क्लेव आरसीसी रोड होते हुए इतवार बाजार पुस्ता तक पहुंचती। वहां से लोगों को दिल्ली यूपी गेट की ओर बढा था। रविवार सुबह करीब 10:30 बजे बड़ी संख्या में लोग सरस्वती विहार में एकत्रित हुए। लेकिन इंदिरापुरम के यशोदा मेडिसिटी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम के चलते पुलिस ने रैली को आगे बढे से रोक दिया। इससे नाराज प्रदर्शनकारी इतवार बाजार मार्ग पर ही धरने पर बैठ गए। धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती गई और सड़क पूरी तरह जाम हो गई। दोपहर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रशासन ने खोड़ा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक जोशी और सरदार सिंह को हाउस अरेस्ट कर लिया, ताकि आंदोलन को कमजोर किया जा सके। इससे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खोड़ा में गंगाजल की मांग पिछले आठ सालों से की जा रही है। इसके लिए शासन स्तर पर योजना भी बनी, लेकिन अब तक केवल कागजों में ही सिमटी हुई है। लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा न मिलने से वे परेशान हैं। गर्मियों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। निवासियों ने कहा कि जब तक खोड़ा को गंगाजल की आपूर्ति शुरू नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उनका कहना है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही ने इलाके के लोगों को मजबूर कर दिया है कि वे अब सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद करें। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए हालात तनावपूर्ण भी बने रहे, लेकिन भारी पुलिस बल की तैनाती से स्थिति पर काबू पा लिया गया।

देर शाम तक प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच वार्ता की कोशिशें जारी थीं, मगर कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। खोड़ा के निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गंगाजल की सप्लाई शुरू नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के बी.फार्मा छात्रों का कैलाश हेल्थ विलेज, नोएडा में शैक्षणिक भ्रमण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शिक्षा केवल पुस्तकों और प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य समाज और वास्तविक जीवन की जरूरतों से जुड ?ा भी है। इसी सोच को साकार करते हुए एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा शनिवार को बी.फार्मा छात्रों के लिए कैलाश हेल्थ विलेज, नोएडा में एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक चिकित्सा, वेलनेस थेरेपी और प्राकृतिक उपचार प्रणालियों की वास्तविक जानकारी देना था ताकि वे औषधीय विज्ञान के साथ-साथ समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा को भी समझ सकें। इस शैक्षणिक यात्रा का नेतृत्व प्रो. (डॉ.) शालिनी शर्मा, निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज ने किया। विश्वविद्यालय के चेयरमैन महेन्दर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, प्रो चांसलर (अकादमिक्स) विमल कुमार शर्मा, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन के मार्गदर्शन में यह भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों को पुस्तक ज्ञान से आगे बढ़कर व्यवहारिक अनुभव प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि फामेर्सी शिक्षा केवल दवा निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की स्वास्थ्य जागरूकता और जीवनशैली प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चेयरमैन महेन्दर अग्रवाल ने बताया कि एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी का उद्देश्य छात्रों को सीखने, अनुभव करने और आगे बढे के अवसर देना है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी उद्योगों, अस्पतालों और अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कैलाश हेल्थ विलेज की विभिन्न चिकित्सा इकाइयों का दौरा किया। यहां का वातावरण, उपचार पद्धतियाँ और रोगियों के प्रति समर्पण छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। छात्रों ने फिजियोथेरेपी यूनिट, नेचुरोपैथी सेंटर, डाइट एंड न्यूट्रिशन परामर्श केंद्र और योग थेरेपी हॉल का अवलोकन किया। उन्होंने हाइड्रोथेरेपी, मड थेरेपी, अक्यूप्रेशर और योग आधारित पुनर्वास पद्धतियों का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि आज की चिकित्सा में इंटीग्रेटिव मेडिसिन यानी औषधीय चिकित्सा और वेलनेस थेरेपी का संयोजन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने समझाया कि आधुनिक युग में फार्मासिस्ट केवल दवा देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे रोगी परामर्श, जीवनशैली प्रबंधन और स्वास्थ्य शिक्षा में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। भ्रमण के दौरान डॉ. स्मिता कोहली, सेंटर हेड, कैलाश हेल्थ विलेज, और उनकी टीम ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने केंद्र की कार्यप्रणाली, उपचार दर्शन और स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण को विस्तार से समझाया। छात्रों ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस अनुभव ने न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि उन्हें फामेर्सी के सामाजिक और मानवीय पहलू को भी समझने का अवसर मिला।

# नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर/नगर को साफ, स्वच्छ बनाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और आम नागरिकों की सुविधा के लिए जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने के उद्देश्य से पुलिस, प्रशासन एवं नगर पालिका की टीम द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को काला आम चौराहे से भूड़ की ओर जाने वाले मार्ग पर अवैद्य अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। एक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया है जिसमें काला आम चौराहे से भूड़, स्याना अड्डा अंसारी रोड, डीएम रोड, पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट रोड से अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिवस तक प्रथम चरण में अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त भी जब तक पूर्णतया शहर पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त नहीं किया जाता तब तक अभियान चलता रहेगा। अभियान के तहत शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों और मुख्य सड़कों पर अवैध कब्जों, जैसे कि दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने ठेले-खोमचे लगाने और अवैध पार्किंग के कारण अक्सर भीषण जाम लगता है ऐसे अतिक्रमण को हटवाया जाएगा। एक बार अतिक्रमण हटाने के बावजूद यदि पुनः किसी के द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से भी अपील की गई कि वह भी अतिक्रमण हटाने के लिए सहयोग दे।

# बसपा कार्यकर्ता को मिली नई जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर स्याना नगर निवासी बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवानंद गौतम को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर के कोतवाली रोड स्थित कैंप कार्यालय पर स्वागत समारोह में उपस्थितों को संबोधित करते हुए देवानंद गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है इसी माह 9अक्टूबर को मान्यवर काशीराम साहेब के परि निर्वाण दिवस पर ऐतिहासिक भीड़ ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षया, 4 बार की पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व राज्य सभा सांसद बहन कु मायावती के एक आवाज पर पिछली सारी रैली का रिकॉर्ड तोड़ दिये। प्रदेश की जनता बसपा सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती को प्रदेश की सत्ता की बागडोर सौंपने के लिए बेताब नजर आ रही है। पूर्व में बहन कुमारी मायावती के शासन में सर्वसमाज के नागरिकों का उत्थान हुआ। पार्टी सुप्रीमो बहन कुमारी मायावती द्वारा जनता की समस्याएं दूर की गई। प्रदेश की जनता बसपा सुप्रीमो कुमारी मायावती के शासनकाल को याद कर रही है। आगामी चुनाव में बसपा से सर्वसमाज के लोगों को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। डोर टू डोर जाकर नागरिकों की अपेक्षाओं को जाना जा रहा है। आगामी चुनाव में प्रदेश में बसपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी तथा बहन कुमारी मायावती द्वारा सर्वसमाज का पूरी तरह भला किया जाएगा। मालूम हो कि देवानंद गौतम पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी भूमिका बेहतरीन रूप से निभा चुके हैं। देवानंद गौतम ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे पार्टी ने दी है उसे बखूबी निभाया जाएगा। फिलहाल पार्टी ने उनकी क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए बहुजन समाज पार्टी मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन के मेरठ मंडल स्तरीय संयोजक पार्टी के जिम्मेदारी दी गई है। नगर निवासी समर्थक डॉक्टर मोहनलाल गौतम ने बताया कि देवानंद गौतम पूर्व में बसपा के कार्यकर्ता के रूप में कई जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वर्ष 2001 से 2021 तक नगर अध्यक्ष रहे एवं बसपा सरकार में 2007 से लेकर 2012 तक बसपा ने उन्हें नगर पालिका के नॉमिनेट सभासद के रूप में जिम्मेदारी सौंपी। मेरठ मंडल और अलीगढ़ मंडल में भाईचारा कमेटी के भी जिम्मेदारी रही। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सामाजिक भाईचारा कमेटी भुर्जी भोजवाल समाज कमेटी मैं भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

# कलम के सिपाही ए के लारी एवं राजनाथ तिवारी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हुआ बृहद पौधरोपण

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** प्रबोधिनी फाउण्डेशन के तत्वावधान में काशी पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं विशालाक्षी मंदिर के महन्थ राजनाथ तिवारी एवं वरिष्ठ पत्रकार ए के लारी के जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं बैरवन एवं सिरसा ग्राम में 251 आंवला, पारिजात, बेल, नीम, पीपल, अर्जुन के आयुर्वेदिक पौधो का पौधारोपण किया गया एवं स्वास्थ्य हेतु आंवला, बेल, करौदा एवं हर्रे का मुरब्बा वितरित कर कृत्रिम पदार्थो से बनी मिठाइयो का बहिष्कार एवं प्राकृतिक पौधे के फलो से बने आयुर्वेदिक व्यंजन को उपयोग एवं उपभोग हेतु संकल्प दिलाया गया` प्रबोधिनी फाउण्डेशन के संरक्षक एडवोकेट राजेश प्रसाद सिंह एवं संयुक्त सचिव डा संजय सिंह गौतम ने कहा कि स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना को चरितार्थ करने हेतु जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्य तिथि इत्यादि आयोजनो पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण एवं स्वस्थ हेतु आयुर्वेदिक व्यंजनो का उपयोग करने के लिए जन अभियान चलाने का संकल्प प्रबोधिनी फाउण्डेशन ने लिया है बृहद और रोपण से जलवायु, मौसम, भू संरक्षण के साथ जैव विविधता का संरक्षण किया जा सकता है इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनय शंकर राय मुन्ना संजीव सिंह दिलीप मिश्रा शैलेंद्र राय अनुज राय रितेश श्रीवास्तव हेमंत गुप्ता समीर मिश्रा मो.अकरम, डॉ. गिरजानंद चौबे, मो.आरिफ ,प्रवीण उपाध्याय, धीरज झा, प्रवीण सिंह बबलू सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत और सरदार पटेल जयंती पर भारतीय जनता पार्टी की विशेष प्रेस वार्ता सम्पन्न

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा रविवार को एक भारत-श्रेष्ठ भारत विषय पर केंद्रित विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन रॉयल पार्क होटल एंड रिसोर्ट्स, इंदिरापुरम में किया गया। यह कार्यक्रम देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और सरदार@150 एकता यात्रा के राष्ट्रीय अभियान के तहत आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें एकता, संकल्प और राष्ट्र निर्माण का अद्भुत संदेश देता है। उन्होंने देश को जोड ? का जो सपना देखा था, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में वही भारत आत्मनिर्भरता और अखंडता की राह पर अग्रसर है। असीम अरुण ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह भारत के उज्जवल भविष्य की दिशा तय करने वाला एक सशक्त विचार है। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता की मजबूत नींव रखी थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उसी भावना को 'विकसित भारत पदयात्राञ् के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। असीम अरुण ने कहा कि सरदार-150 एकता यात्रा का उद्देश्य युवाओं के बीच राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और एकता की भावना को प्रबल करना है। उन्होंने कहा कि जब युवा अपने भीतर भारत की आत्मा को महसूस करेंगे, तब देश वास्तविक अर्थों में सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सरदार पटेल की स्मृति तक सीमित नहीं, बल्कि यह भारत के प्रत्येक नागरिक को यह स्मरण कराता है कि देश की एकता और अखंडता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम में बताया गया कि माय भारत के सहयोग से 6 अक्तूबर से देशभर में सरदार-150 एकता यात्रा की शुरूआत की गई है, जो 6 दिसंबर 2025 तक चलेगी। इस दौरान प्रत्येक जनपद में 8 से 10 किलोमीटर लंबी एकता पदयात्राएं निकाली जाएंगी। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में देशभक्ति पर आधारित विविध प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे देश के युवाओं में सरदार पटेल के आदर्शों के प्रति प्रेरणा जगाई जा सके। भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि भाजपा महानगर संगठन आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत जिले में जनसंपर्क, संवाद कार्यक्रम और एकता पदयात्राएं आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है, और यह अभियान उस दिशा में समाज के हर वर्ग को जोडे का प्रयास है।

मयंक गोयल ने सभी अतिथियों, कार्यकताओं और पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एकता, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है।

# त्योहारों पर सुरक्षा के लिए पैदल गश्त कर जनता से किया संवाद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से नंदग्राम पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। रविवार को नंदग्राम सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) उपासना पांडेय स्वयं पुलिस बल के साथ 30 फुटा रोड पर पैदल गश्त पर निकलीं। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया। एसीपी उपासना पांडेय के साथ थाना नंदग्राम के पुलिसकर्मी और बीट अधिकारी भी मौजूद रहे। गश्त के दौरान उन्होंने बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, धार्मिक स्थलों और मुख्य चौराहों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों, राहगीरों और महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर है और किसी भी आपराधिक गतिविधि या असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने आमजन से अपील की कि वे त्योहारों को शांति, सौहार्द और एकता के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस की उपस्थिति का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि लोगों के बीच भरोसा और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी है।

गश्त के दौरान स्थानीय नागरिकों ने एसीपी उपासना पांडेय के इस प्रयास की सराहना की। लोगों ने कहा कि अधिकारी का क्षेत्र में इस तरह उतरकर जनता से सीधे संवाद करना आत्मविश्वास बढ़ाने वाला कदम है। नागरिकों ने पुलिस को अपने साथ देखकर राहत महसूस की और कहा कि ऐसे प्रयासों से त्योहारों में लोगों को निर्भय माहौल मिलता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में भी ऐसे पैदल गश्त और संवाद कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को समय रहते रोका जा सके। क्षेत्र के लोगों ने एसीपी उपासना पांडेय की सक्रियता और जनसंपर्क की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मुहिम से नंदग्राम में पुलिस और जनता के बीच भरोसे की डोर और मजबूत हुई है।

# गाज़ियाबाद में गोहत्या पर जनाक्रोश गौ रक्षा दल और गो प्रतिष्ठा आंदोलन के दबाव के बाद पुलिस एक्शन में

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद / मुरादनगर।** जनपद गाज़ियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में हुई दर्जनों गोवंशों की निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। यह घटना न केवल धार्मिक भावनाओं का हनन थी, बल्कि मानवीय संवेदना पर भी गंभीर प्रहार था। घटना के बाद गो प्रतिष्ठा आंदोलन, गऊ रक्षा दल और हिंद रक्षक दल सहित अनेक हिन्दू संगठनों ने सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया और गाज़ियाबाद पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (ठरअ) के तहत कार्रवाई की जाए तथा गौझसंरक्षण हेतु विशेष निगरानी दल का गठन किया जाए। ज्ञापन के बाद बढ़ते जनदबाव को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हुआ और पुलिस ने आरोपी गिरोह की तलाश तेज कर दी। इसी क्रम में थाना मुरादनगर पुलिस टीम ने शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर गंगनहर तिराहा और मनेखा खेड़ के ट्यूबवेल क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया, जिसके दौरान गौकशी करने आए गिरोह से मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग और सर्च ऑपरेशन के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी हनीफ पुत्र सम्पत निवासी करलियां, थाना भोजपुर (गाज़ियाबाद) के पैर में गोली लग गई। उसके साथियों के नाम रोशन, रमजान, अब्दुल और मेहर आलम बताए गए हैं। कांबिंग के दौरान पुलिस ने दो अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उन्होंने दो दिन पूर्व मिलकपुर जलालाबाद गाँव में गौवंशों को पकड़ा, उनकी हत्या की और मांस को रिजवान व मेहर आलम के जरिए दिल्ली के मुन्ना ढिक्का को बेच दिया।

पुलिस ने मौके से एक जीवित गोवंश, 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, 04 रस्सियाँ, लोहे की दाँव, 03 छुरियाँ, और लकड़ी का गुटका बरामद किया। घायल अभियुक्त का इलाज सीएचसी में कराया गया है।

# यशोदा हॉस्पिटल ने ₹पिंक वॉकर₹ के माध्यम से दिया ब्रैस्ट कैंसर जागरूकता का संदेश

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर द्वारा रविवार को ब्रैस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ के अवसर पर आयोजित पिंक वॉक के माध्यम से शहर में स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश फैलाया। इस कार्यक्रम में लगभग 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिलाओं में ब्रैस्ट कैंसर से जुड़ी जागरूकता को बढ़ावा दिया। पिंक वॉक की शुरूआत सुबह 6 बजे जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन से हुई और यह यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर तक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत फिजियोथेरेपी टीम द्वारा मूवमेंट मेडली से हुई, जिसने प्रतिभागियों को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने गुलाबी परिधानों में वॉक करते हुए ब्रैस्ट कैंसर जागरूकता का संदेश शहरवासियों तक पहुँचाया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों के लिए बॉलीवुड जुम्बा सत्र आयोजित किया गया, जिसने वातावरण को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया। साथ ही एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को संदेश दिया गया कि ब्रैस्ट कैंसर के प्रति डर और झिझक छोड़कर समय पर जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। यशोदा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजत अरोड़ा ने कहा कि यशोदा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला व्यापक ब्रैस्ट केयर सेंटर है, जो अत्याधुनिक इलाज के साथ-साथ समय पर जांच और निदान की सुविधा भी प्रदान करता है। यशोदा हॉस्पिटल संजय नगर की ब्रैस्ट ऑन्को सर्जन डॉ. (सर्ज. लेफ्टिनेंट कमांडर) अनुश्री वर्तक ने कहा कि दुनिया भर में महिलाओं में होने वाले कैंसर से हर छठी मृत्यु ब्रैस्ट कैंसर से होती है।

# पति को रोज शराब पिलाकर परिवार तोड़ने पर तुला दोस्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित भ्_ा नंबर पांच की रहने वाली एक महिला ने अपने पति के दोस्त पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि आरोपी रोजाना उसके पति को शराब पिलाकर उनके परिवार को बर्बाद करने पर तुला हुआ है। जब वह इसका विरोध करती है, तो आरोपी उससे अभद्र व्यवहार करता है और धमकियां देता है। परेशान महिला ने रविवार को नंदग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति का दोस्त अभिषेक आए दिन घर पर आकर शराब पीने के लिए उकसाता है। जब वह इसे रोकने की कोशिश करती है, तो अभिषेक उसके साथ गाली-गलौज करता है। महिला के अनुसार, इसी कारण अब घर का माहौल बिगड़ गया है और परिवार टूटने की कगार पर है।

महिला ने पुलिस को बताया कि कॉलोनी में रहने वाले सचिन नामक व्यक्ति पर उसके 22 हजार रुपये बकाया थे। जब उसने अभिषेक से मदद मांगी, तो उसने रुपये दिलाने के नाम पर सचिन के साथ ही झगड़ा कर लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। इसके बाद सचिन और उसके परिजनों ने उल्टा पुलिस में शिकायत कर दी। पीड़िता के मुताबिक, जब पुलिस ने उनसे कहा कि मारपीट करने वाले को लेकर आओ, तो उन्होंने अभिषेक को बुलाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं आया और उनसे बात करने से भी इंकार कर दिया। महिला का आरोप है कि अभिषेक ने अब उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया है।

# हरनंदी में गंगाजल न आने से भड़के श्रद्धालु, छठ घाट पर प्रदर्शन कर जताया रोष

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** हरनंदी नदी में गंगाजल न छोड़े जाने से नाराज श्रद्धालुओं ने रविवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने हरनंदी घाट पर धरना देते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उनका कहना था कि छठ पर्व जैसे पवित्र अवसर पर भी प्रशासन ने सफाई और गंगाजल की व्यवस्था नहीं की। घाटों पर गंदा पानी बह रहा है, जिससे पूजा-अर्चना करना असंभव हो गया है। पूरबिया जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि छठ महापर्व पूर्वांचल समाज का सबसे बड़ा और श्रद्धा का प्रतीक पर्व है। इस पर्व पर महिलाएं उपवास रखकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देती हैं। लेकिन हरनंदी घाट पर न तो गंगाजल पहुंचा है और न ही सफाई की कोई संतोषजनक व्यवस्था की गई है। घाट पर कीचड़, बदबू और मच्छरों के प्रकोप से श्रद्धालु परेशान हैं। समिति के महासचिव राकेश तिवारी ने कहा कि पिछले कई महीनों से गंगाजल की व्यवस्था और नदी की सफाई के लिए अधिकारियों से बार-बार मांग की जा रही थी, लेकिन प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। अगर अधिकारी चाहें तो गंगाजल आज ही हरनंदी में पहुंच सकता है। तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण छठ पर्व की पवित्रता पर आंच आ रही है। श्रद्धालुओं ने कहा कि प्रशासन दावा कर रहा है कि हरनंदी में दो हजार क्यूसेक गंगाजल छोड़ा गया है, लेकिन हकीकत में नदी में केवल गंदा नाला बह रहा है। अगर गंगाजल छोड़ा गया है तो वह आखिर जा कहां रहा है? श्रद्धालुओं ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब तक गंगाजल नहीं छोड़ा जाएगा और पानी साफ नहीं होगा, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी प्रदर्शन में भाग लिया और कहा कि सोमवार शाम अस्त होते सूर्य को और मंगलवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देना है, लेकिन घाट पर पानी की स्थिति बेहद खराब है।

# भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम का संगठन मजबूत, मोदीनगर में बड़ी नियुक्तियों के साथ विस्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम ने रविवार को स्टार इंडिया शूटिंग अकादमी, मनौटा मोदीनगर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार और नए पदाधिकारियों की नियुक्ति करना था। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आनंद चौधरी और राष्ट्रीय महासचिव श्री अजय प्रमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी और महासचिव अजय प्रमुख ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए नए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपा। बैठक में निम्नलिखित नियुक्तियां की गईं: अक्षय कान्त श्रोत्रिया को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया। अंकुर नेहरा को शहर मोदीनगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शूटिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष, खेल प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया। दिनेश चौधरी को तहसील मोदीनगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सोनपाल नेहरा को ब्लॉक अध्यक्ष, भोजपुर ब्लॉक नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओमवीर सिंह ने की, जबकि संचालन विराट सांगवान ने संभाला। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम का उद्देश्य केवल किसानों के हितों की रक्षा करना ही नहीं है, बल्कि संगठन को प्रत्येक क्षेत्र में मजबूत और सशक्त बनाना भी है।

# छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर विधायक ने किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर रविवार को शहर विधायक संजीव शर्मा ने न केवल विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया बल्कि अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने बिजली, पानी, प्रकाश व्यवस्था और सफाई की व्यवस्थाओं को परखा तथा संबंधित विभागों को अंतिम समय तक निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक संजीव शर्मा के साथ नगर निगम और विद्युत विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने पहले वार्ड 55 विजयनगर में मकान संख्या ए-481 के सामने और फिर वार्ड 51 प्रताप विहार में मकान संख्या ई-424 शिव मंदिर पार्क पर बनाए गए छठ घाटों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर की गई साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, बैरिकेडिंग और लाइटिंग सिस्टम को ध्यान से देखा। नवयुग भोजपुरी विकास समिति के पदाधिकारियों ने विधायक संजीव शर्मा का धन्यवाद किया और कहा कि इस बार की व्यवस्थाएं पिछले वर्षों की तुलना में अधिक बेहतर और सुव्यवस्थित हैं। श्रद्धालुओं ने भी घाटों पर पहुंचकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता की सराहना की। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह प्रकृति, पवित्रता और कृतज्ञता का प्रतीक है। सूर्य देव और छठी मैया की आराधना के इस पर्व में जीवन ऊर्जा और लोक आस्था की झलक मिलती है।

# पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने 21 हस्ताक्षरित पत्र प्रभारी मंत्री को सौंपा

वेलकम इंडिया

> पार्षदों का कहना है कि यह दस्तावेज गोपनीय श्रेणी में आते हैं और इन्हें सार्वजनिक करना नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जब पार्षदों को आधिकारिक रूप से दस्तावेज तक नहीं दिए जा रहे, वहीं अधिकारियों द्वारा उनकी प्रतियां सोशल मीडिया पर साझा करना यह दर्शाता है कि निगम के अंदर गोपनीय सूचनाओं के दुरुपयोग का खेल चल रहा है।

**गाजियाबाद।** बढ़े हुए संपत्ति कर के मुद्दे पर गाजियाबाद में एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। नगर निगम द्वारा नागरिकों से बढ़ा हुआ कर वसूलने के विरोध में रविवार को पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के 21 सदस्यों ने एक सामूहिक हस्ताक्षरित ज्ञापन जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण को सौंपा। पार्षदों ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि नगर निगम अधिकारी जनता और जनप्रतिनिधियों की भावना के विपरीत कार्य कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पार्षदों की शिकायत सुनने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस विषय पर उनकी वार्ता हो चुकी है और वे बढ़े संपत्ति कर के मुद्दे पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र मुख्यमंत्री को सौंपेंगे। पार्षदों ने पत्र के माध्यम से बताया कि नगर निगम की 30 जून 2025 की बोर्ड बैठक में बढ़े हुए संपत्ति कर को महापौर सुनीता दयाल, सभी पार्षदों और पदेन सदस्यों ने सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया था। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी बढ़े हुए दरों पर कर वसूली कर रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि यह निर्णय जनता की भावना और कानूनी प्रक्रिया दोनों की अनदेखी है। बढ़ा हुआ कर न केवल व्यापारियों, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी भारी बोझ बन गया है। कई लोग मजबूरी या अज्ञानता के कारण बढ़े दरों पर कर जमा करा चुके हैं, जिससे व्यापक असंतोष व्याप्त है। पार्षदों ने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि 30 जून की बोर्ड बैठक के मिनट्स अब तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, जबकि उन्हीं मिनट्स के पांच पन्ने सोशल मीडिया पर लीक कर दिए गए हैं।

